

# स्वतंत्र मत



वर्ष 31 अंक 246 | www.swatantramat.com | जबलपुर, रविवार दिनांक 01 मार्च 2026 | पृष्ठ 12 | मूल्य ₹ 3.00


# इजरायल का हमला...ईरान लेगा बदला

## खामेनेई के घर पर मिसाइल अटैक, मिडिल ईस्ट में चरम पर तनाव

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर पहुंच गया है। शनिवार को अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान की राजधानी तेहरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इजरायल के सरकारी प्रसारक के मुताबिक इन हमलों का निशाना ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भी थे। समाचार एजेंसी के अनुसार शुरुआती हमले खामेनेई के दफ्तरों के पास किए गए। हालांकि रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि 86 वर्षीय खामेनेई उस समय तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें पहले ही सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया था। ईरान की सरकारी एजेंसी इरना ने दावा किया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन सुरक्षित हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। इरना ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि हमलों के बावजूद राष्ट्रपति को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### खाड़ी देशों में भी धमाकों की गूंज

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी और दुबई, कतर की दोहा और सऊदी अरब की राजधानी रियाद में भी धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इन सभी शहरों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। अबू धाबी के अल धफरा एयर बेस पर यूएई और अमेरिकी वायुसेना साथ काम करती हैं। दुबई का जेबेल अली पोर्ट मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसेना का सबसे बड़ा ठिकाना है। दोहा का अल उदीद एयर बेस अमेरिकी सेंट्रल कमांड का फॉरवर्ड मुख्यालय है। सऊदी अरब में रियाद से करीब 60 किलोमीटर दूर प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। कतर ने कहा कि उसने अपने ऊपर हुए हमलों को सफलतापूर्वक रोक लिया। गृह मंत्रालय के अनुसार किसी तरह का नुकसान या जनहानि नहीं हुई है। वहीं सऊदी अरब ने ईरान की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे क्षेत्रीय संप्रभुता का उल्लंघन बताया और गंभीर परिणाम की चेतावनी दी।

### भारतीय हवाई अड्डे अलर्ट पर

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एहतियातन कदम उठाते हुए देश के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों को अलर्ट मोड पर रख दिया है। संभावित उड़ान डायवर्जन और अनियोजित लैंडिंग की आशंका को देखते हुए एयरपोर्ट अथोरिटी आफ इंडिया व निजी हवाईअड्डा संचालकों को ग्राउंड हैंडलिंग, पार्किंग बे, इमिग्रेशन सहायता तथा क्रू लॉजिस्टिक्स सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों को असुविधा न हो। उक्त निर्देश नई दिल्ली में नागरिक उड्डनय मंत्री के राममोहन नायडू की अध्यक्षता में हुई एक समीक्षा बैठक में दी गई है।। मध्य-पूर्व में ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद पैदा हुई अस्थिर स्थिति और उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई संचालन पर संभावित प्रभाव को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देशभर में विमानन तैयारियों की व्यापक समीक्षा की है।

### तेहरान से इजरायल तक मिसाइलों की बौछार

हमलों के बाद ईरान और इजरायल के बीच मिसाइल हमले शुरू हो गए। इजरायल ने कहा कि उसने अमेरिका की मदद से तेहरान पर पूर्व-निरोधक हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल की ओर मिसाइलें दागीं। इजरायली सेना ने बयान जारी कर कहा कि ईरान की ओर से एक और मिसाइलों की खेप इजरायल की तरफ छोड़ी गई। हालात तेजी से बिगड़ते दिखे और दोनों देशों के बीच सीधा टकराव बढ़ गया। इस संघर्ष का असर खाड़ी देशों में भी देखने को मिला। बहरीन में आपातकालीन सायरन बजे, जहां अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट का मुख्यालय है। वहां मिसाइल खतरे की चेतावनी जारी की गई।

### तेल अवीव जा रही उड़ान बीच रास्ते से वापस

इजरायल में उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद किये जाने के बाद दिल्ली से तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट बीच रास्ते से वापस हो गयी। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 फरवरी को दिल्ली से तेल अवीव जा रही उड़ान संख्या एआई139 बीच रास्ते से वापस दिल्ली के लिए मुड़ चुकी है। उन्होंने बताया कि इजरायल में हवाई क्षेत्र बंद किये जाने और यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा के मद्देनजर उड़ान वापस आ रही है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने शनिवार को अपने हवाई क्षेत्र को नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया और ईरान पर हमला किया है।

### इजरायल ने जारी किए हमले के वीडियो

इस बीच इजरायली वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमलों के पहले वीडियो जारी किए। वीडियो में मिसाइल लॉन्चर समेत कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते दिखाया गया है। इजरायली वायुसेना ने कहा कि पश्चिमी ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया गया। साथ ही यह भी बताया कि ईरान से इजरायल की ओर आने वाले खतरों को रोकने के लिए उनकी वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय है।

### ईरान के रक्षा मंत्री की मौत का दावा

समाचार एजेंसी ने तीन सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान के रक्षा मंत्री, गार्ड्स कमांडर इजरायली हमलों में मारे गए। इजरायल के मिलिट्री ऑपरेशन से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय सूत्र ने बताया कि माना जा रहा है कि ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नसीरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कमांडर मोहम्मद पाकपूर इजरायली हमलों में मारे गए हैं।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

भारत सरकार ने शनिवार को ईरान और इजराइल समेत खाड़ी देशों में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर घरों में रहने की अपील की है। ईरान, इजराइल समेत यूएई, सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन और फिलिस्तीन में भारतीय दूतावासों ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। जॉर्डन में भारतीय पर्यटकों को संभावित उड़ान बाधा से पहले देश छोड़ने की भी सलाह दी गई है।

### ईरान की आजादी का क्षण: ट्रम्प



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि यह लड़ाई ईरान के खतरनाक परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करने और वहां की जनता को आजादी दिलाने के लिए है। ट्रम्प ने इस लड़ाई को ईरान की आजादी का क्षण बताते हुए ईरान के सैन्य और पुलिस बलों से हथियार डालने की अपील की और उन्हें अभयदान देने का वादा किया। ट्रम्प ने कहा कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें मौत का सामना करना पड़ेगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान को कभी परमाणु हथियारों से लैस नहीं होने देगा और उसको ऐसी लम्बी दूरी की मिसाइलें नहीं बनाने देगा जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा, हम उनकी मिसाइलों को नष्ट करने जा रहे हैं और उनकी मिसाइल उद्योग को जमींदोज कर देंगे।..हम उनकी नौसेना को खत्म करने जा रहे हैं।

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 21 लोगों की मौत

अमरावती



आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड से दो लाख रुपए देने का ऐलान किया है। वहीं घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने आशंका जताई कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ गैंग का शूटर गिरफ्तार

मोहाली

जिला अदालत में पेशी भुगतकर बाहर निकले फिरोजपुर निवासी गुरविंदर सिंह की गोलियां मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने शूटर 21 वर्षीय गौरव उर्फ बावा को गिरफ्तार किया है। गौरव फिरोजपुर का ही रहने वाला है। उसे अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया है। पुलिस वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद करेगी। आरोपितों को छिपाने में मदद करने के आरोप में गौरव के बड़े भाई प्रिंस को भी गिरफ्तार किया है।

## बारामती में विमान हादसा: रिपोर्ट में दृश्यता कम होने की पुष्टि



**नई दिल्ली (वार्ता)।** महाराष्ट्र के बारामती में 28 जनवरी 2026 को हुए विमान हादसे कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में दुर्घटना के समय दृश्यता न्यूनतम सीमा से कम होने और हवाई पट्टी तथा रनवे के रखरखाव में कमी की बात का खुलासा हुआ है। इस हादसे में महाराष्ट्र के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी थी। जांच में पता चला है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से ठीक पहले पायलट ने कहा था - उफ, उफ। वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 एक्सआर विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-एसएसके) मुंबई से श्री पवार को लेकर बारामती पहुंचा था। वहां उतरते समय रनवे 11 की बाईं तरफ विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गयी थी। श्री पवार के साथ उनके निजी सुरक्षा अधिकारी, दोनों पायलट और एक केबिन अटेंडेंट की जलकर मौत हो गयी थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि बारामती हवाई पट्टी पर सिर्फ वीएफआर (वीजुअल फ्लाइट रूल्स) के तहत परिचालन की अनुमति है जिसके लिएन्यूनतम दृश्यता पांच किलोमीटर होनी चाहिए। पायलट और एटीसी के बीच हुए संचार से पता चलता है कि उस समय दृश्यता तीन किमी थी जिसके बारे में एटीसी ने पायलट को सूचना दी थी। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के माध्यम से बताया गया है कि उस समय पुणे के आसपास बादल नहीं था, लेकिन 81 किलोमीटर दूर स्थित बारामती में हल्का कोहरा था। इसके अलावा हवाई पट्टी के रखरखाव और वहां मौजूद इंतजामों में खामियों का भी पता चला है।

## मोदी का इजरायल दौरा अनुचित था : कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने कहा है कि युद्ध के माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायल दौरा अनुचित था और अब युद्ध भड़कने के बाद यह दौरा और भी अनुचित सिद्ध हो गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में श्री मोदी की इसी सप्ताह हुई इजरायल यात्रा की आलोचना करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल दौरे की खुशी मनाने के दो दिन बाद ही इजरायल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ अपना संयुक्त हमला शुरू कर दिया है। पिछले कुछ महीनों में पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़े को देखते हुए यह पूरी तरह अपेक्षित था। इसके बावजूद श्री मोदी ने इजरायल जाने का निर्णय लिया, जहाँ उन्होंने उच्चतम स्तर की नैतिक कायरता का प्रदर्शन किया। उन्होंने वहां घोषणा की कि भारत इजरायल के साथ खड़ा है और ऐसा कह कर खुद को एक पुरस्कार भी दिलवा लिया। कांग्रेस नेता ने कहा श्री मोदी का यह इजरायल दौरा शर्मनाक था, और अब तो यह और भी अधिक शर्मनाक प्रतीत होता है, क्योंकि युद्ध उन्हीं दो नेताओं द्वारा शुरू किया गया है जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी अपना अच्छा मित्र बताते रहे हैं।

## बोत्सवाना से कूनो नेशनल पार्क लाए गये 9 चीते

### केन्द्रीय वन मंत्री यादव ने चीतों को बाड़े में किया रिलीज





भोपाल (स्वतंत्र मत)

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि बोत्सवाना से कूनो नेशनल पार्क में लाये गये चीतों से बोत्सवाना और भारत के बीच जैव विविधता संरक्षण की एक ऐतिहासिक साझेदारी प्रारंभ हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल और प्रयासों से भारत में चीतों के प्रतिस्थापन की योजना पूरी तरह से सफल रही है। बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन की दिशा में कई देश साथ आये हैं। भारत में चीता प्रोजेक्ट को साढ़े तीन साल का समय हो गया है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है, वर्तमान में भारत में चीतों की संख्या 48 हो गई है, जिनमें 45 कूनो नेशनल पार्क और 3 गांधी सागर अभ्यारण में हैं। केन्द्रीय वन मंत्री ने कहा कि भारत के प्रयासों से विश्व में जैव विविधता संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है और 97 देश इस मंच के सदस्य बन गये हैं। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री यादव ने बोत्सवाना से आये 9 चीतों में से तीन चीतों को प्रतीकात्मक रूप से क्वारंटीन के लिए बनाये गये बाड़ों में रिलीज किया। भारत में चीतों की पुनर्बसाहट के लिए तीन वर्ष पूर्व शुरू हुए चीता प्रोजेक्ट के तहत बोत्सवाना से लाये गये 9 चीते शनिवार को सुबह लगभग 9.30 बजे कूनो नेशनल पार्क पहुंचे। वायुसेना के तीन हैलीकॉप्टर से ग्वालियर एयरपोर्ट से इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क में एयरलिफ्ट किया गया। इन चीतों में 6 मादा और 3 नर चीते शामिल है। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने चीता रिलीज कार्यक्रम बाद के बोत्सवाना से आये चीता विशेषज्ञ दल से भेंट कर चर्चा की, साथ ही उन्हें कूनो नेशनल पार्क की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट भी किये। बोत्सवाना से 9 चीतों के आने के बाद अब प्रदेश में चीतों की कुल संख्या 48 हो गई है, इनमें से 45 कूनो नेशनल पार्क में और 3 गांधी सागर अभयारण्य में हैं। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तुरसनपाल बरैया, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, जनप्रतिनिधि, महानिदेशक वन्य जीव भारत सरकार सुशील कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, प्रधान मुख्य वन संरक्षण एवं हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स वी.एन. अम्बाडे, कमिश्नर सुरेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## तूफान आने वाला है...

### बरनाला रैली में भारत-अमेरिका डील पर राहुल गांधी का वार

बरनाला



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को बरनाला में आयोजित 'मनरेगा बचाओ संग्राम रैली' के मंच से पंजाब कांग्रेस नेताओं को गुटबाजी खत्म करने का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि पार्टी में काम टीमवर्क से होता है, कोई एक खिलाड़ी मैच नहीं जीतता। राहुल गांधी ने कहा, मैं कांग्रेस नेताओं को संदेश देना चाहता हूं, टीम बनकर काम करो, नहीं तो हम आपको घर बैठा देंगे। यह मेरा और खड़गे जी का संदेश है। कार्यकर्ताओं का सम्मान करो, वही हमारी असली ताकत हैं। राहुल के इस बयान के दौरान मंच पर मौजूद वरिष्ठ नेता सांसद और विधायक उनकी ओर देखते नजर आए। करीब 30 मिनट के भाषण में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए मनरेगा योजना और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका से बड़े पैमाने पर कृषि आयात भारत में आते हैं तो किसानों और छोटे उद्योगों पर 'तूफान' आ जाएगा। उन्होंने कहा, सोयाबीन, कपास, दालें, फल- जब ये सब आएंगे तो तूफान आएगा। 2-5 एकड़ जमीन वाले छोटे किसान अमेरिकी एग्रीबिजनेस से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। राहुल ने दावा किया कि भारत ने अमेरिकी सामान सालाना 9 लाख करोड़ रुपये तक खरीदने का वादा किया है, जिससे एमएसएमई और किसानों पर असर पड़ेगा।

### पंजाब और किसानों पर फोकस

रैली की शुरुआत सत श्री अकाल से करते हुए राहुल ने कहा कि पंजाब के किसान और मजदूर देश की रीढ़ हैं। उन्होंने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का हवाला देते हुए चीन सीमा मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। मंच पर उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल मौजूद थे। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भी सभा को संबोधित किया। खड़गे ने भी मजदूरों, किसानों और व्यापारियों के मुद्दे उठाए। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार पर नशे की समस्या रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# बुराई में भी अच्छाई देखोगे तो, जीवन मजबूत बनेगा: प्रमाणसागर महाराज

बुढ़ार (स्वतंत्र मत)।



पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि 'अच्छा दिखना नहीं,अच्छा बनना ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि जीवन को केवल धन, वैभव और बाहरी साधनों से अच्छा बनाने का प्रयास क्षणिक है,यदि व्यक्ति चार संकल्प ले लेकृ मैं अच्छा देखूँगा,अच्छा करूँगा,अच्छा बनूँगा और अच्छे से रहूँगा, तो वह निश्चित ही जीवन की ऊँचाइयों को छू सकता है। मुनि ने 'अच्छा' शब्द का वास्तविक अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि केवलअच्छा दिखना, अच्छा पहनना या अच्छा पाना जीवन का लक्ष्य नहीं होना चाहिए,हमारी संपूर्ण ऊर्जा अच्छा बनने की दिशा में लगनी चाहिए, जब मनुष्य भीतर से श्रेष्ठ बनता है, तो उसका आचरण, व्यवहार और व्यक्तित्व स्वत: ही उत्तम हो जाता है। धर्म बाहरी प्रदर्शन से हटाकर आंतरिक परिष्कार की ओर ले जाता है और चेतना को परिमार्जित करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि की व्यवस्था उत्तम है,मनुष्य चाहे तो हर जगह कमी निकाल सकता है और चाहे तो उसी परिस्थिति में अच्छाई खोज सकता है? बड़े आयोजनों में छोटी-मोटी कमियाँ रह ही जाती हैं, पर यदि हम केवल कमियों पर ही दृष्टि रखेंगे तो हमारा दृष्टिकोण नकारात्मक हो जाएगा,जो व्यक्ति हर जगह कमी को खोजता है, उसका जीवन कमजोर बनता है,जबकि जो अच्छाइयों को अपनाता है, वह स्वयं भी मजबूत बनता है और समाज को भी सशक्त करता है। दीक्षा कल्याणक के अवसर पर मुनि ने प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए बताया कि श्रीकृष्ण जब अपने साथियों के साथ जा रहे थे,मार्ग में एक मरा हुआ कुत्ता पड़ा था,सबने घृणा से मुँह फेर लिया, पर श्रीकृष्ण ने उसके दाँतों की सुंदरता की प्रशंसा की।यही सकारात्मक दृष्टि हैकृ जहाँ संसार बुराई देखता है, वहाँ महापुरुष अच्छाई खोज लेते हैं, उन्होंने कहा,'दृष्टि बदलेगी तो सृष्टि बदलेगी।' जब हम बुराई में भी अच्छाई खोजने लगते हैं, तो भीतर से करुणा उत्पन्न होती है,आलोचना के स्थान पर स्वीकार्यता आती है और जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश फैलता है।इस अवसर पर निर्यापक मुनि प्रसाद सागर महाराज ने कहा कि भगवान ने अपने जन्म को संयम से सार्थक किया।उन्होंने संदेश दिया 'लोग हमारे बारे में क्या कहते हैं,यह हमारे हाथ में नहीं है,पर कोई कितना भी बुरा कहे, हम उसे बुरा न मानें, यह पूरी तरह हमारे हाथ में है।' यदि जीवन की धारा बदलनी है तो सहनशीलता और संयम का विकास करना होगा। सच्चा सबल वही है जो अपनी प्रतिक्रिया पर नियंत्रण रखे। कार्यक्रम में मुनि शीतलसागर महाराज, मुनि संधानसागर महाराज एवं क्षुल्लक समादर सागर महाराजमंचासीन रहे,संचालन ब्रह्मचारीअभय भैया ब्र.अशोक भैया एवं अमित बास्तु ने किया। मुनि संघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रसन्न जैन दीपू ने बताया कि दोपहर में आदिकुमार के राज्याभिषेक एवं स्वर्ग की अप्सरानीलांजना के नृत्य का मंचन किया गया। नीलांजना की आकस्मिक मृत्यु से आदिकुमार को वैराग्य उत्पन्न होता है और वे दीक्षा लेकर वन की ओर प्रस्थान करते हैं।रविवार,1 मार्च को प्रात:काल मुनि आदिसागर महाराज आहारचर्या के लिए निकलेंगे तथा राजा श्रेयांस एवं राजा सोम का परिवार उनका पादप्रक्षालन कर आहार प्रदान करेगा। दीक्षा समारोह को देखने के लिए विभिन्न नगरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# जयसिंहनगर पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

### मर्ग क़ायम कर भूल गयी पुलिस, खुले आम घूम रहा अरोपी, दे रहा जान से मारने की धमकी



**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** जयसिंहनगर थाना अंतर्गत ग्राम हुडरहा मे लखन साहू पिता सुक्खा साहू के खेत मे करंट लगने से नंद लाल पिता दशरथ सिंह निवासी हुडरहा की मृत्यु हो गयी थी जिसकी सूचना परिजनों द्वारा 15 जनवरी 2026 को थाना जयसिंहनगर मे दी गयी जिस पर पुलिस मर्ग क्रमांक 0005/2026 क़ायम कर विवेचना मे लिया गया किन्तु एक माह से ऊपर का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आज तक न तो कोई कार्यवाही की गयी और न ही खेत मे करंट लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ ही कोई कार्यवाही कर रही है उक्त बात की शिकायत मृतक के भाई द्वारा पुलिस अधीक्षक शहडोल से कर लखन साहू के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

**खेत मे करंट फैलाने वाले के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं** - मृतक के भाई अमरनाथ सिंह का आरोप है कि लखन साहू ने खेत मे करंट फैला रखा था जिसके चपेट मे आने से मेरे भाई नंद लाल की मृत्यु हुई है तो इसके लिये क्या लखन साहू दोषी नहीं है। कंही ऐसा तो नहीं की पूर्व मे लखन से हमारे भाई का आपस मे मत भेद था, लड़ाई झगड़ा था तो वह करंट लगा कर मेरे भाई को मरडाला हो और बाद मे खेत मे फेंक कर करंट फैला दिया हो हकीकत क्या है पुलिस इसकी जांच क्यों नहीं कर रही है। क्यों फाइल को दबा कर रखी है। खेत मे करंट फैलाने वाले लखन के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। ऐसा लग रहा कि पुलिस आरोपी से लेन देन कर फाइल को दबा दी है?

### जान से मारने दे रहा धमकी

अमरनाथ का कहना है कि लखन साहू काफी खूंखार गुंडा किस्म का ब्यक्ति है जिसे राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जिसके प्रभाव के कारण जयसिंहनगर पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। लखन साहू द्वारा आये दिन धमकी दी जा रही है कि जिस तरह तुम्हारे भाई को जान से खत्म कर दिया हूँ। उसी तरह मौका पाते ही तुम्हे भी खत्म कर दूंगा। यदि मेरे साथ कोई अप्रिय घटना घटित हुई तो मेरे भाई को जो दो छोटे छोटे बच्चे है उनका लालन पालन कौन करेगा जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

### इनका कहना है

पोस्टमार्डम रिपोर्ट मे कंही भी इलेट्रिक शार्ट से मृत्यु हुई है नहीं लिखा है जिस वजह से एफआईआर नहीं हुआ है। मर्ग की जांच हो रही है।

**अजय कुमार बैगा**
**थाना प्रभारी जयसिंहनगर**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में होगा आयोजन

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (2026) जिले के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रशिक्षण महाअभियान के रूप में चलाया जा रहा है इसी प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जिले में भी भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की कार्यशाला का आयोजन शहडोल नगर के कमला नगर स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा




कार्यालय में 1 मार्च को सुबह 11.00 बजे कार्यशाला का शुभारंभ किया जाएगा प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया एवं जबलपुर विधायक प्रभारी अभिलाष पांडे कार्यशाला में रहेंगे उपस्थित एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला को करेंगे संबोधित, प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा करेंगी। प्रशिक्षण कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणी के रूप में विधायकगण, जिलाअध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जिला पदाधिकारीगण, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक एवं सह संयोजक जिले मे निवासरत एव जिला संयोजक,जिला टोली दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग,सातों मोर्चों के अध्यक्ष एवं महामंत्री,मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी, दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग की मंडल टोली ,जिला एव मंडल प्रशिक्षण हेतु नियुक्त वक्त सभी अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य रूप से रहेंगे उपस्थित।

# गरिमामय कार्यक्रम के मध्य किया गया भक्ति कुंज ग्रन्थ का विमोचन

### धर्मानुरागी छोटेलाल सरावगी का ग्रन्थ प्रकाशन में रहा स्तुत्य योगदान

**बुढार (स्वतंत्र मत)।** अतिराज वाटिका बुढार में भक्ति कुंज ग्रन्थ विमोचन समारोह का भव्य आयोजन शनिवार को किया गया और भक्ति, प्रेम, करुणा और आध्यात्म से परिपूर्ण भक्ति कुंज ग्रन्थ का गरिमामय कार्यक्रम के मध्य पधारे महामंडलेश्वर तथा महन्तों ने ग्रन्थ का विमोचन किये। सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक धर्मानुरागी-छोटेलाल सरावगी (खुद्दी भैया) के अभिन्न मित्र करुआताल (गोहपारू) निवासी साकेतवासी स्व. श्री बाबा माधव शरण द्वारा विरचित




भक्ति कुंज ग्रन्थ के प्रकाशन का दायित्व सौंपा था, जिसे श्री सरावगी ने सहृदयता का अनुपमेय उदाहरण धर्मप्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए ग्रंथ प्रकाशित करवाये जिसका विमोचन जिले एवं नगर तथा आस पास के हजारों धर्मप्रेमियों की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम के मध्य किया गया। भक्ति कुंज ग्रन्थ विमोचन समारोह महामंडलेश्वर पंचकुइया पीठाधीश्वर 1008 रामगोपाल दास महाराज (इंदौर), महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री गंगादास महाराज श्रीमूल पीठाधीश्वर पीठ (वृन्दावन) के आतिथ्य में तथा श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के महन्त श्री 108 अर्जुनदास महाराज, महन्त श्री 108 सीवर्धन पीठाधीश्वर राघवेन्द्र दास महाराज (उ.प्र.), एवं महन्त श्री 108 श्री जानकी वल्लभ दास महाराज खातीपुरा (इंदौर), शास्त्रीय उचेहरा धाम के प्रधान पुजारी भंडारी श्री शंकरघाट केवलनिया के महन्त श्री 108 श्री रामदास जी महाराज गीताधाम कटकोना के गीतानुरागी श्रीकान्त शर्मा, श्री सिख गुरुद्वारा बुढार के मुख्य ज्ञानीजी स्व. न्यायाधीश मा. हिदायतुल्ला, समाजसेवी रोशनी प्रसाद गर्ग, डा. तीर्थ प्रसाद द्विवेदी के गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। ग्रन्थ के विमोचन अवसर पर पधारे परम पूज्य महामंडलेश्वर तथा महन्तों का धर्मानुरागी छोटेलाल सरावगी ने परिवार जनों के साथ पादुका पूजन किये और श्रीराम जी के प्रतिमा पर अतिथियों ने पूजन अर्चन किये उसके उपरांत पधारे अतिथियों का ससम्मान मंचस्थ कराया गया।

# 49 हजार से ज्यादा महिलाओं की एक दिन में जांच, डिंडौरी ने रचा इतिहास-इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** । जिले ने जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला प्रशासन डिंडौरी को एक ही दिन में सर्वाधिक महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच कराने के लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिला है। 19 जनवरी 2026 को 'सुगढ़ टूरीङ्कआज स्वास्थ्य, कल सशक्त' अभियान के तहत जिले में कुल 49,036 महिलाओं की हीमोग्लोबिन स्क्रीनिंग की गई। यह विशेष पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' सहित विभिन्न सहयोगी कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य की समय पर जांच, एनीमिया की पहचान और उनके दीर्घकालिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय टीमों के समन्वय से यह व्यापक अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एक ही दिन में इतने बड़े पैमाने पर जांच कर जिले ने न केवल रिकॉर्ड बनाया, बल्कि महिला स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी साबित की है। जिले की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रशासनिक अमले, स्वास्थ्यकर्मियों और जिलेवासियों को हार्दिक बधाई। यह पहल निश्चित रूप से महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और सशक्त भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

### नशे में बीईओ कार्यालय पहुँचे माध्यमिक शिक्षक पर गिरी गाज

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले के विकास खण्ड करंजिया में एक माध्यमिक शिक्षक को कथित रूप से शराब के नशे में कार्यालय पहुँचने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामला कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, करंजिया से जुड़ा है। जारी पत्र के अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला जोगीग्वारा में पदस्थ कपूर सिंह धुर्वे, माध्यमिक शिक्षक, 18 फरवरी 2026 को दोपहर 12:25 बजे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में असम्बद्ध अवस्था में उपस्थित हुए। नोटिस में उल्लेख है कि उक्त कृत्य मध्यप्रदेश शासन कर्मचारी आचार संहिता के विरुद्ध है तथा कदाचार की श्रेणी में आता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित शिक्षक उक्त दिनांक को अपनी संस्था में अनुपस्थित रहे। ऐसे में एक दिन का वेतन अवैतनिक किए जाने एवं निलंबन की कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही गई है।

# अपर कलेक्टर ने समनापुर क्षेत्र के स्कूल, आँगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य संस्थानों का किया निरीक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जिले के अपर कलेक्टर जे. पी. यादव द्वारा समनापुर क्षेत्र के विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



निरीक्षण के दौरान शासकीय हाई स्कूल क्टिटी का अवलोकन किया गया, जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन व्यवस्था की जानकारी ली गई। अपर कलेक्टर ने कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से पाठ्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही प्राथमिक शाला सरई का निरीक्षण कर कक्षा संचालन की स्थिति देखी गई। विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया गया तथा शिक्षकों को नियमित रूप से अध्यापन कार्य संचालित करने और विद्यालय में अनुशासन एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र सरई का भी निरीक्षण किया गया। यहां बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, रजिस्टर संधारण एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी ली गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

अपर कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उपस्वास्थ्य केंद्र छाँटा का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। यहां दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार की व्यवस्था, रजिस्टर संधारण तथा साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित कर्मचारियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में शासकीय संस्थानों का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा।



**खाम्हा तिराहा पर भीषण सड़क हादसा**

# बाइक-ऑटो टक्कर में दो गंभीर, चालक फरार

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** डिंडौरी जिले के कंचनपुर खाम्हा तिराहा में शनिवार शाम लगभग 5 बजे एक गंभीर सड़क दुर्घटना हो गई। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए इस हादसे में बाइक और ऑटो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकर्रामठ निवासी राममिलन राठौर (45) अपने घर लौट रहे थे। उनके साथ एक महिला भी सवार थी, जिसकी पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। जैसे ही वे खाम्हा तिराहा के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ऑटो से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल डिंडौरी में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार पुरुष की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बताई जा रही है। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खाम्हा तिराहा लगातार हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से यहां गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाने की मांग की है।

# जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपेक्षित श्रेणी के समस्त पदाधिकारियों का पंजीयन कर तिलक वंदन एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं माँ भारती के पूजन-अर्चन से हुई। इसके उपरांत जिला मंत्री सपना जैन द्वारा वर्ग गीत लिया गया तथा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम बूथ, मंडल एवं जिला स्तर पर चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा।




कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू ने पंच परिवर्तन विषय पर पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी, वहीं नवाचार विषय पर जिला उपाध्यक्ष जयसिंह राजपूत ने प्रशिक्षण दिया। पूरा प्रशिक्षण पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा एवं संगठनात्मक परिकल्पना के अनुरूप संपन्न हुआ।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि प्रशिक्षण संगठन की सतत प्रक्रिया है, जिससे नए कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास, विचारधारा एवं कार्यपद्धति की जानकारी मिलती है और वे दीर्घकाल तक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

समापन सत्र में जिला प्रभारी कमल प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता के रूप में प्राप्त यह प्रशिक्षण अत्यंत सारगर्भित एवं प्रेरणादायी रहा।

मंच संचालन जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष महेश धूमकेती ने किया।

कार्यशाला में अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, जिला प्रभारी कमल प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत सहित समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल टोली के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे फिर बना हादसों का गवाह, युवक की दर्दनाक मौत

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले की विक्रमपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत विक्रमपुर और डूंगरिया के बीच शनिवार दोपहर ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। हंसते-खेलते घर से निकला 33 वर्षीय युवक कुछ ही पलों में मौत की नींद सो गया। मिली जानकारी के अनुसार, डूंगरिया निवासी पोसा सिंह परस्ते (33 वर्ष) बाइक से डिंडौरी की ओर जा रहे थे। समय लगभग दोपहर 12:30 बजे, अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। सड़क पर गिरते ही उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसा इतना भीषण था कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमपुर ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह खबर जैसे ही गांव पहुंची, डूंगरिया में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि पोसा सिंह परिवार के जिम्मेदार सदस्य थे और घर की आर्थिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में हर आंख नम है और लोग इस घटना को लेकर स्तब्ध हैं। विक्रमपुर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एचपीव्ही वैक्सीन सर्वाइकल कैन्सर जैसी घातक बीमारी से बचाएगी

## नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



किशोरियों को सर्वाइकल कैन्सर जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए शनिवार को एचपीव्ही वैक्सीन का शुभारंभ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के द्वारा 14 वर्ष की आयु वर्ग वाली बच्चियों को एचपीव्ही टीका लगवाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा उपस्थित थे। जबलपुर जिले में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में एचपीव्ही टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिलास्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम सेठ गोविन्द दास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पल, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एस एस दाहिया, डॉ के के वर्मा, डॉ अमिता जैन, डॉ अमजद खान, डॉ वैशाली खन्ना, अरुण शाह, अतुल करकरे, विजय पाण्डेय, संदीप नामदेव, विकास श्रीवास्तव, विकास शर्मा, निशांक तिवारी सहित सभी अधिकारी एंव कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### 13 स्थानों पर चलेगा अभियान

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुभारंभ अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि एचपीव्ही टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण के अन्तर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं यह टीका लगाया जायेगा, महिलाओं में होने वाला सर्वाइवल कैन्सर दूसरा प्रमुख कैंसर है एचपीव्ही वैक्सीन की डोज लगवाने से वचाव एवं सुरक्षा मिलती है उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूर्णत: सुरक्षित एवं प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। इसके साथ ही कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले की जनता से अपील की है कि अपनी 14 वर्ष की आयु वर्ग की बच्चियों को एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं और उनका भविष्य सुरक्षित करें। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि सर्वाइकल कैन्सर से वचाव की दिशा में यह अभियान बडा कदम है, इस टीके की एक डोज का बाजार मूल्य 5000 रुपये से अधिक का है अब भारत शासन ने महिलाओं के सुरक्षित भविष्य को देखते हुए इसे बिल्कुल नि:शुल्क किया है। आज से जिले में 13 स्थानों पर यह अभियान चलाया जा रहा है आगे इनकी संख्या ओर बढ़ाई जाएगी जिससे सभी लाभार्थी बच्चियों को उनके निकट ही टीका लगवाने की सुविधा मिल सके। चूंकि वर्तमान समय में आठवीं और नौवीं की वार्षिक परीक्षाएँ चल रहीं हैं इसलिए लाभार्थी बच्चियों की संख्या कम रही अपेक्षा की जाती हैं कि इस संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी होगी।



# राजस्व प्रकरणों की बैठक में शामिल हुए रिटायर्ड आईएएस, साझा किए अनुभव

### विभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर ने ली बैठक, दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में विशेष रूप से सेवानिवृत्त आईएएस अरूण पांडे उपस्थित हुये और अपने प्रशासनिक अनुभव को साझा करते हुये नवाचार करने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि समय के साथ अपडेट रहें। इसके लिये बीच-बीच में सुशासन व प्रशासनिक कार्यो में दक्षता के संबंध में कार्यशाला कर उस दिशा में आगे बढ़ते रहें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसानों के ई-केवयासी, खसरे में आधार लिंकिंग सीएम हेल्पलाइन आदि प्रकरणों पर तहसीलवार चर्चा कर कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके अलावा राजस्व वसूलीए भू-अर्जन, भूमि आवंटन के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों दिये।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर रखें नजर

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि शहरी क्षेत्र के नजूल पट्टों का भौतिक सत्यापन करें और उस आधार पर राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। बड़े व्यवसायिक समूह पर गंभीरता से ध्यान दें। साथ ही इस बात पर भी ध्यान दें कि जिस उद्धेश्य से भूमि ली गई है और उसमें दूसरी गतिविधियां संचालित हो रही है तो आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी तहसीलदार दस दस बड़े बकायादारों की सूची प्रस्तुत करें। नोटिस तामिली करें और राजस्व वसूली करें। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी जायें और भूमि का सीमांकन कर डायवर्सन शुल्क तय करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामारी करें, अवैध माइनिंग, अतिक्रमण पर भी आवश्यक कार्यवाही करें।

उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में जायें और शांति समिति की बैठक कर होली के पर्व को शांति और सौहार्द के साथ संपन्न करायें। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गौंड ने अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर 38 सालों के प्रशासनिक अनुभव को साझा कर सुशासन व प्रशासनिक कार्यो के बारे में बताया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।

# निरामय कार्यशाला का आयोजन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं तनाव रहित जीवन को जीने की कला पर आज रविवार 1 मार्च को शहीद स्मारक सभागार गोल बाजार में निरामय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश की शीर्ष उद्योग व्यापार संस्था, फेडरेशन आफ मप्र चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा डायवेल कोर फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में व्यवसायियों, पेशेवर विशेषज्ञों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों आदि को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सचेत किया जाएगा। फेडरेशन के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने इस अवसर पर जानकारी दी कि आधुनिक जीवनशैली के परिप्रेक्ष्य में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं आंतरिक प्रसन्नता का समन्वय आज समय की आवश्यकता बन गया है। सभी वर्गों के व्यक्ति आज बढ़ते हुए तनाव से जूझ रहे हैं। इसी उद्देश्य से निरामय का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुंबई से पधार रहे प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अक्षय मेहता, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ परिमल स्वामी, डॉ अकलंक जैन, डॉ भाविक धीरावाणी द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन, तनाव प्रबंधन एवं संतुलित जीवनशैली पर व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के हिमांशु राय, मनु शरत तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, अरुण पवार, नीता नारंग, अजीत पवार, विनोद शर्मा, राजीव अग्रवाल आदि ने सभी से इस बहुउपयोगी कार्यशाला में भाग लेने का आग्रह किया है।

# दिल्ली से आई डॉक्टर्स की टीम ने जांची नेत्रहीन विद्यार्थियों की आंखें

### राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा की अनोखी पहल, दिल्ली में होगा इलाज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दृष्टिबाधित उच्त्तर विद्यायल के लगभग 50 दिव्यांग बच्चों के आंखों का परीक्षण डॉ श्रॉफ चेरिटेबल आई हॉस्पिटल दिल्ली से आये डॉ रक्षित अग्रवाल और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। राज कृष्ण तन्खा फाउंडेशन के संस्थापक विवेक तन्खा द्वारा मिशन दृष्टि के अंतर्गत नेत्रहीन कन्या शाला की 11 छात्राओं और शासकीय दृष्टिबाधित उच्त्तर विद्यालय के 50 नेत्रहीन दिव्यांग छात्रों का उनके स्कूल जाकर नेत्रों का परीक्षण डॉ रक्षित अग्रवाल द्वारा किया गया। डॉ रक्षित अग्रवाल ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति के कारण बहुत से बच्चों की द्रष्टि में सुधार संभव हो गया है क्योंकि श्रॉफ हॉस्पिटल में अब बच्चों की आंखों के इलाज हेतु आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाता है। परीक्षण के उपरांत 11 दृष्टिहीन बच्चों का चयन आगामी जांचे और इलाज़ हेतु किया गया है। इन बच्चों को शीघ्र ही श्री विवेक तन्खा के सहयोग से डॉ श्रॉफ चेरिटेबल आई हॉस्पिटल दिल्ली इलाज़ हेतु भेजा जाएगा। शिव शंकर कपूर, बलदीप मैनी और अनिल मिश्रा के प्रयासों से एवं सामाजिक न्याय विभाग के जॉइंट डायरेक्टर आशीष दीक्षित के सहयोग से द्रष्टिबाधित बच्चों का चेकअप किया गया। शिविर का संचालन बलदीप मैनी और अनिल मिश्रा द्वारा किया गया। आगामी होली के उपलक्ष्य में द्रष्टिबाधित बच्चों को चाकलेट के पैकेट भी बलदीप मैनी द्वारा भेंट किये गये। डॉ रक्षित अग्रवाल का स्वागत संस्था के प्राचार्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर एयर कमोडर एचएस मैनी एवं श्री गुरनाम सिंह पाल के साथ दृष्टिबाधित उच्त्तर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।





# पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को अर्पित की श्रद्धाजंलि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

महापुरूषों का जीवन हमें निरंतर आगे बढने की प्रेरणा देता है, अत: हमें महापुरूषों के आदर्शो को आत्मसात करते हुये अपने जीवन को राष्ट्रहित में समर्पित करना चाहिये जिससे हम अपने साथ-साथ देश को भी गौरान्वित कर सकें। डॉ राजेन्द्र प्रसाद का जीवन हमें सदाचार सादगी और कर्तव्य निष्ठा की प्रेरणा देता है। उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने पूर्व राष्ट्रपति कायस्थ कुल गौरव डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि के अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम में अनूप सिन्हा, प्रदेश महासचिव सुनील श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, बच्चन श्रीवास्तव, सुधीर खरे, डॉ संदीप माथुर, डॉ सोनल खरे, शिखा श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवासतव आदि उपस्थित रहे।

# सिहोरा विवाद : दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा में फैले सांप्रदायिक तनाव को लेकर सकल हिंदू समाज ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा । उन्होंने बताय कि मंदिर की आरती के दौरान विशेष समुदाय के कुछ लोगों द्वारा मंदिर परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। दावा है कि मंदिर की मूर्ति खंडित की गई और बाहर लगी ग्रिल को नुकसान पहुंचाया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि धार्मिक स्थल में पत्थर, कांच की बोतलें और पेट्रोल बम जैसी सामग्री बड़ी मात्रा में कैसे पहुंची, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। आरोप है कि आरती कर रहे मंदिर समिति के सदस्यों के साथ मारपीट हुई, जबकि बाद में उन्हीं पर विभिन्न धाराएं लगाकर जेल भेज दिया गया। समाज ने गिरफ्तार लोगों की शीघ्र रिहाई की मांग की है। साथ ही मंदिर के जीर्णोद्धार, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और संगठनों पर लगाए गए निराधार आरोपों की जांच की मांग उठाई गई है। पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई है।



## पमरे में ऑटो सिग्नलिंग तकनीक का शुभारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में पश्चिम मध्य रेल ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल मंडल के कुरवाई केथोरा-मंडीबामोरा-कालहार खंड में 16.93 रूट किलोमीटर में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया है। भारतीय रेलवे में पहली बार पश्चिम मध्य रेल के रेलखंड में डायरेक्ट ड्राइव मॉड्यूल आधारित तकनीक का प्रयोग कर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रदान की गई है। इस अत्याधुनिक तकनीक की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें ब्लॉक सेक्शन में लगे ऑटो सिग्नलों को सीधे वे साइड कैबिनेट (रास्ते के किनारे स्थित कैबिनेट) के माध्यम से डायरेक्ट ड्राइव किया जाता है।

## आजीविका मेले में दिखी गोंडी पेंटिंग की रंगीन झलक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले की उभरती स्व सहायता समूह की महिला उद्यमियों ने शहर की चमक दमक में अपनी कला और उत्पादों का जलवा बिखेरा।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने कांचघर क्षेत्र के संभागीय हाट बाजार में आयोजित आजीविका मेला का औपचारिक निरीक्षण किया। यह मेला न केवल महाकौशल क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का माध्यम बनेगा, बल्कि ग्रामीण उत्पादों को शहरी बाजारों तक पहुंचाकर हजारों महिलाओं के सपनों को पंख लगाएगा।





# इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट के बीच बैठक का आयोजन, साझा किए अनुभव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विगत 26 फरवरी को जीके टीएमटी ने कटनी में इंजीनियर मीटिंग का आयोजन किया। इस मीटिंग में शहर के लगभग 50 सिविल इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जीके टीएमटी की तरफ से उनके सीनियर टेक्निकल एंड ब्रांडिंग मैनेजर सिद्धांत अग्रवाल और सीनियर डिजीटल मार्केटिंग मैनेजर प्रमोद जायसवाल, एरिया सेल्स मैनेजर विवेक मिश्रा, एरिया सेल्स ऑफिसर सूर्यमणि मिश्रा इसमें शामिल थे। कटनी के डीलर्स नायक स्टील से गुड्डा नायक, सत्या स्टील से किशोर बहलानी एवं मुकेश बहलानी, आरके ट्रेड्स से राहुल सहजवानी, मधुर सहजवानी, अग्रवाल आयरन स्टोर से निशांत अग्रवाल जीके टीएमटी के इस मीटिंग में शामिल हुए। कंपनी के टेक्निकल मैनेजर सिद्धांत अग्रवाल ने जीके टीएमटी की क्वालिटी के ऊपर विस्तृत में चर्चा की। इंजीनियर ने इस प्रोग्राम में बहुत कुछ नया सीखा और बहुत इंटरएक्टिव सेशन रहा। इसकी सराहना सभी ने की। साथ ही साथ इंजीनियर्स ने अपने अपने अनुभव भी सभी लोगों के साथ साझा किए, तथा अन्य लोगों को रिकमेंड करने का वादा भी किया।

## 2 मार्च को नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम से भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा फागुन पूर्णिमा पर 2 मार्च सोमवार प्रात: 7.30 बजे संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया जाएगा। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा बेनगंगा पुल पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन लामेटा घाट नाव पार करके शनि मंदिर डुडुवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट से सिद्धन माताजी आश्रम के सामने से नाव पार करके हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में विशाल भंडारे के साथसमापन होगा।

# उज्जैन का प्लान बनाकर नवविवाहिता की हत्या करने का आरोप, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

### दर्जनों की संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचा साहू समाज कार्यवाही की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




कटंगी के कैमोरी गांव निवासी नवविवाहिता पूजा की शादी 20 दिन पहले गढ़ा फाटक निवासी निखिल साहू से हुई थी। शादी के बाद पूजा पति और परिजानों के साथ उज्जैन दर्शन के लिए गई थी। वहां से वापस आते वक्त पूजा की बीच रास्ते तबीयत बिगड़ने से मौत हो है। शनिवार को परिजन और समाजजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, नारेबाजी की और हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। इस मामले में पुलिस ने जीरो में मामला दर्ज करते हुए जांच के लिए डायरी दमोह भेज दी है। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी पूजा की शादी गढ़ा फाटक निवासी निखिल साहू लगभग 6 फरवरी को हुई थी। शादी से पहले निखिल के परिवार वालों ने दहेज के रूप में 10 लाख रुपए की मांग की गई थी, जिसके बाद 4 लाख रुपए भी दिए। उनका कहना है, कि ससुराल पक्ष लगातार पैसों की डिमांड कर रहा था, और मांग पूरी न होने पर पूजा के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। इसी बीच विवाह के बाद परिवार वालों के साथ उज्जैन जाने का प्लान बना। 15 फरवरी को पूजा और निखिल और परिवार वाले गए।

20 फरवरी को वापस आते समय आचानक ही पूजा का स्वास्थ्य खराब हो गया। जिसके बाद निखिल ने उसका एक वीडियो बनाया और परिवार वालों को भेजते हुए बताया कि तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद सड़क मार्ग से जब वापस जबलपुर के लिए निकलते है, तो रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### अस्पताल ले जाते तो बच जाती जान

मृतका की मां रुकमणि का कहना है कि जिस समय पूजा को जबलपुर लाया जा रहा था, उस दौरान अगर समय रहते अस्पताल ले जाते, तो उसकी जान बच जाती। मृतका पूजा साहू की मौत को लेकर उनके मायके पक्ष और साहू समाज ने ससुराल पक्ष पर हत्या के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना से आक्रोशित साहू समाज के सैकड़ों लोग आज एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई है।

इस मामले में एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया की मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।


## रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेन्ट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत दैनिक स्वतंत्र मत के संबंध में स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

### घोषणा

(फार्म नं. ४)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थल | - | प्रेस कॉम्पलेक्स, सिविक सेन्टर, मढ़ाताल, जबलपुर (म.प्र.) |
| 2. | प्रकाशन रूप | - | दैनिक |
| 3. | मुद्रक | - | हितकारिणी प्रिटिंग प्रेस, (यूनिट ऑफ हितकारिणी प्रकाशन प्राईवेट लि.) जबलपुर |
| | नागरिकता | - | भारतीय |
| | निवास स्थान | - | सिविक सेन्टर, मढ़ाताल, जबलपुर (म.प्र.) |
| 4. | प्रकाशक | - | राम असरानी (डायरेक्टर) हितकारिणी प्रकाशन प्राईवेट लिमिटेड |
| | नागरिकता | - | भारतीय |
| | निवास स्थान | - | 204, आदर्श नगर जबलपुर (म.प्र.) |
| 5ए | प्रबंध सम्पादक | - | सुबोध दुबे |
| | नागरिकता | - | भारतीय |
| | निवास स्थान | - | ई-35 गार्डन विला, कचनार सिटी, विजयनगर, जबलपुर |
| 5बी | संपादक | - | राजेन्द्र मिश्रा |
| | नागरिकता | - | भारतीय |
| | निवास स्थान | - | 1274 कौशल्या स्मृति, गोलबाजार, जबलपुर |
| 6. | पत्र का स्वामित्व | - | हितकारिणी प्रकाशन प्राईवेट लिमिटेड जबलपुर |
| | नागरिकता | - | भारतीय |
| | निवास स्थान | - | प्रेस कॉम्पलेक्स, सिविक सेन्टर, मढ़ाताल, जबलपुर म.प्र. |

मैं राम असरानी, प्रकाशक/डायरेक्टर हितकारिणी प्रकाशन प्राईवेट लिमिटेड घोषित करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

दिनांक- 01.03.2026

राम असरानी
प्रकाशक

# शराब घोटाला के प्रकरण में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया बरी

## आप नेता मनोज पमनानी ने बताया न्याय की ऐतिहासिक जीत



बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

शराब घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के केस में दोनों नेताओं को बरी करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और आरोप साबित नहीं होते। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए कुल 23 लोगों को बरी कर दिया।

कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि सीबीआई का पूरा मामला अनुमान और कयासों पर आधारित था। जांच एजेंसी साजिश का सिद्धांत गढ़ने में विफल रही और उसे समर्थन देने वाला कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं कर सकी। फैसला आने के करीब छह घंटे बाद सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया और आदेश को रद्द करने की मांग की है।

बरी होने के बाद कोर्ट परिसर के बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान अरविंद केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा, मैंने अपनी पूरी जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज यह साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। उनके इस बयान के




बाद आम आदमी पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

इस फैसले को लेकर मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में भी आम आदमी पार्टी के नेताओं ने खुशी जाहिर की। पार्टी के जिला पदाधिकारी मनोज पमनानी ने इसे न्याय और सच्चाई की ऐतिहासिक जीत बताया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल शुरू से ही ईमानदार राजनीति और पारदर्शी प्रशासन के प्रतीक रहे हैं। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित थे, जिन्हें अदालत ने सिरे से खारिज कर दिया।

मनोज पमनानी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा आम जनता के हितों की राजनीति की है और इसी कारण पार्टी व उसके नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया, लेकिन अदालत के फैसले ने सच्चाई को सामने ला दिया है। अंत में उन्होंने कहा कि बालाघाट सहित पूरे मध्यप्रदेश में पार्टी कार्यकर्ता इस फैसले से उत्साहित हैं। आम आदमी पार्टी आने वाले समय में और मजबूती के साथ जनहित, भ्रष्टाचार विरोध और जवाबदेह शासन के मुद्दों को उठाती रहेगी। यह फैसला न केवल पार्टी नेताओं के लिए, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और न्यायपालिका में भरोसा रखने वाले हर नागरिक के लिए एक मजबूत संदेश हैं।

# बालाघाट के डॉक्टर दीपक कुंभरे का ऑर्थोपेडिक सर्जन पीजी में चयन

### ग्रामीण सेवा के अनुभव ने तय किया करियर का लक्ष्य

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक कुंभरे का चयन ऑर्थोपेडिक्स पोस्ट-ग्रेजुएशन के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में हुआ है। सीमित संसाधनों और लगातार सरकारी ड्यूटी के बीच की गई तैयारी ने उनकी इस उपलब्धि को खास बना दिया है।

डॉ. कुंभरे की स्कूली शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़) से हुई। इसके बाद उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया और वहीं से सोनोग्राफी सर्टिफिकेट कोर्स पूरा कर सोनोग्राफी परीक्षा भी उत्तीर्ण की। उन्होंने नीट पीजी 2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑर्थोपेडिक्स में



पोस्ट-ग्रेजुएशन हेतु गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में प्रवेश प्राप्त किया। एमबीबीएस के बाद उन्होंने बालाघाट जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सेवा दी। उन्होंने पीएचसी उकवा, सीएचसी परसवाड़ा तथा अन्य आदिवासी क्षेत्रों में कार्य करते हुए उकवा, परसवाड़ा, बैहर और बिरसा क्षेत्र के ग्रामीण एवं आदिवासी मरीजों का उपचार किया। यहां उन्हें सड़क दुर्घटना व ट्रॉमा के हड्डी संबंधी मरीज बड़ी संख्या में मिले, जिससे ऑर्थोपेडिक्स के प्रति उनकी रुचि और मजबूत हुई। सरकारी नौकरी और लगातार ड्यूटी के बावजूद उन्होंने नियमित अध्ययन जारी रखा और आखिरकार ऑर्थोपेडिक्स पीजी में चयन प्राप्त किया।

डॉ. कुंभरे बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रॉमा और फ्रैक्चर के मरीजों की संख्या बहुत अधिक है, वहीं विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी भी महसूस होती है। इसी ने मुझे ऑर्थोपेडिक्स चुनने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाई-बहन और पत्नी को दिया, जिन्होंने हर कठिन समय में उनका साथ दिया और लगातार प्रेरित करते रहे। उन्होंने कहा कि पीजी पूरी करने के बाद वे अपने जिले में सेवा देना चाहते हैं, जिससे आगामी समय में बालाघाट जिले में ऑर्थोपेडिक सर्जन की कमी काफी हद तक पूरी हो सकेगी। उनकी इस सफलता से बालाघाट जिले के मेडिकल विद्यार्थियों और युवाओं को प्रेरणा मिली है कि सेवा के साथ भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। परिवार और सहकर्मियों ने इसे जिले के लिए गौरव की बात बताया है और शुभकामनाएं दी हैं।

# भोपाल-इंदौर मार्ग की तीन बसें जप्त

### अधिक किराया वसूलने पर परिवहन विभाग की कार्रवाई




बालाघाट(स्वतंत्र मत)। त्योहारों के मद्देनजर बालाघाट से भोपाल एवं इंदौर आने-जाने वाली बसों में यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर 28 फरवरी को जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल एवं उनकी टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए तीन बसों को जप्त कर थाने में खड़ा कराया।

कार्रवाई के दौरान भोपाल और इंदौर से बालाघाट पहुंची बसों की जांच की गई। जांच में यात्रियों द्वारा ऑनलाइन टिकट प्रस्तुत किए गए, जिनमें निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूले जाने के प्रमाण मिले। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पवन ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी-50-पी-1297, नंदन ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 22-पी-2201 तथा अरिहंत ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी-20-जेडएक्स-8115 को जप्त कर संबंधित थाने में खड़ा कराया गया है।

जिला परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाल ने बताया कि यात्रियों से अधिक किराया लेना नियमों का उल्लंघन है और ऐसी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बस संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने पर संबंधित वाहन का परमिट निरस्त किया जा सकता है।

# शासन का निर्णयः होली समितियां करवाएं अपना पंजीयन-एसडीएम

### थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

कटंगी (स्वतंत्र मत)।

मार्च के महीने में आने वाले विभिन्न धार्मिक तीज-त्योहारों खास तौर पर रंगों के त्योहार होली और इबादत के पर्व रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए शनिवार 28 फरवरी को दोपहर 01 बजे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम के.सी.ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार राकेश प्रजापति, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। बैठक में अलग-अलग धर्म समुदाय के लोगों के अलावा वरिष्ठ नागरिकों, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों और पत्रकारों ने हिस्सा लिया। एसडीएम और एसडीओपी ने बैठक के जरिए नागरिकों से संवाद कर मार्च में आने वाले त्योहार होली, नवरात्रि, गुड़ीपाड़वा, रामनवमीं, रमजान में सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की गुजारिश की है। एसडीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष नगरीय क्षेत्र की होली समितियां चाहे तो नगर परिषद में अपना पंजीयन भी करवा सकती है। एसडीएम ने शहरी क्षेत्र में कहां-कहां होलिका दहन किया जाता है और किस तरह के आयोजन होते है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव दिए। नगर परिषद को त्योहारों के आयोजन के मद्देनजर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था



बनाने के लिए कहा गया है। संदीप शर्मा ने बताया कि बताया प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय बस स्टेंड में शुभ मुर्हुत पर वैदिक होली जलाई जाएगी। इसके पूर्व फाग गीतों का आयोजन होगा।

एसडीओपी विवेक शर्मा ने होली पर्व को लेकर विशेष तौर पर पुलिस महकमे को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने आमजन के लिए भी एक संदेश जारी किया है। एसडीओपी ने आमजन से अपील की है कि वह शराब पीकर वाहन ना चलाए अगर कोई भी व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि इस वर्ष होली का त्योहार को होलिका दहन के साथ शुरू हो रहा है। इसके बार रंग खेला जाएगा 03 और 04 मार्च को रंग खेला जा सकता है ऐसे में इस बात का भी ध्यान रखना है कि कोई किसी को जबरदस्ती रंग ना लगाए। बैठक में संजय बाघमारे ने पुराना पेट्रोल पंप चौक में बिकने वाली अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करने की मांग रखी। सुनील नागोसे ने पुलिस को बताया कि शहर के भीतर करीब 70 ऑटो बिना वैद्य दस्तावेजों के संचालित हो रहे है। बैठक में नगर के बस स्टैंड में सड़क के किनारे अवैध तरीके से लगने वाली अस्थाई दुकानों को त्वरित हटाने की बात भी उठाई गई। बैठक में और भी कई तरह के विषयों पर चर्चा की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस विषयों पर शीघ्र निर्णय लेने का भरोसा दिया।

**तिरोड़ी में भी हुई बैठक** - मार्यल नगरी तिरोड़ी के थाना परिसर में नायब तहसीलदार पी.एल.साडिया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में थाना प्रभारी रूद मिश्रा सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों की पंचायतों की सरपंच गण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नायब तहसीलदार ने कानून व्यवस्था को बनाएं रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों की पहचान की और पुलिस से कहा कि वह त्योहारों पर इन गांवों में नियमित गश्ती करें ताकि किसी भी तरह से कानून व्यवस्था ना बिगड़े। थाना प्रभारी ने त्योहारों पर ध्वनि विस्तार यंत्रों का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने की अपील की। बैठक में शैलेश पारधी, यादोराव ठाकरे, योगेश सोनवाने, शिव अग्रवाल, सेवकराम राहंगडाले, फिरोज खान, कामन ठाकुर, राजा ठाकुर, राधेश्याम मंडलेकर, वसीम खान, मुजीब खान, तनवीर खान, रफीक खान, प्रशांत सूर्यवंशी, राजा नाग, बुद्धरत्न रावत, हर्षित पटले, सुखदेव हांडगें, प्रेमचंद राणा, ज्ञानीराम राहंगडाले सहित अन्य जन शामिल रहे।

### आज होगा स्वांग मल्टीनेशनल नाटक का मंचन

*उमरिया ( स्वतंत्र मत )। जिले की सबसे पुरानी और एकमात्र नाटक संस्था संदेश नाट्य मंच के तत्वाधान में 1 मार्च को शाम 7 बजे से स्थानीय सिंधी धर्मशाला में स्वांग मल्टी नेशनल नाटक का मंचन किया जाएगा। बता दें कि जिले की एकमात्र नाटक संस्था संदेश नाट्य मंच 1 मार्च 2026 को 30वें वर्ष में प्रवेश कर रही है इसके उपलक्ष्य में संदेश नाट्य मंच 1 मार्च को स्वांग मल्टीनेशनल नाटक का आयोजन करने जा रही है। संस्था के डायरेक्टर रंगकमी पंकज दुबे ने बताया कि संस्था के 30वें वर्ष में प्रवेश करने के चलते इस वर्ष पूरे साल भर नाटक और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की जाएगी।*

# 3 साल से फरार इनामी आरोपी आगरा से गिरफ्तार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** तीन वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आगरा से गिरफ्तार किया है। थाना पाली के अपराध क्रमांक 189\23, धारा 420, 406, 427, 34 भारतीय दंड संहिता के तहत वांछित आरोपी ईश्वर सिंह 43 वर्ष निवासी आगरा बीते तीन वर्षों से फरार चल रहा था। उस पर धोखाधड़ी अमानत में खयानत और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप दर्ज थे। लगातार फरारी के चलते उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी ठिकाने बदल-बदल कर रह रहा था और पहचान छिपाकर पुलिस की नजरों से बचने की कोशिश कर रहा था। हालांकि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था जिसमें तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया गया। घुनघुटी चौकी प्रभारी एएसआई शैलेंद्र



चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित टीम ने साइबर सेल की सहायता से आरोपी की गतिविधियों पर निगरानी शुरू की। कॉल डिटेल लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की मौजूदगी आगरा में चिन्हित की गई। पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से आगरा पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूरी कार्रवाई गोपनीय रणनीति के तहत की गई ताकि आरोपी को भनक न लग सके। गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश

### ऋषभ शुक्ला को सौपा गया जनपद सीईओ करकेली का प्रभार

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत करकेली का प्रभार कमलेश नीरज डिप्टी कलेक्टर को सौपा गया था। उक्त अदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए मध्यप्रदेश शासन,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के परिपत्र के प्रावधान अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत करकेली, जिला उमरिया का प्रभार ऋृषभ शुक्ला, सहायक यंत्री, जनपद पंचायत करकेली को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सौंपा है।

# खनिज माफियाओं पर सख्त कार्रवाई, 05 वाहन जप्त

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 05 वाहनों को जप्त किया है। प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की संयुक्त टीम ने खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में 02 वाहनों को जप्त किया। जप्त वाहन क्रमांक एमपी 54 जेडबी 1981 को वन परिक्षेत्र कार्यालय धमोखर में



शासकीय सुरक्षा में रखा गया है। इसके अतिरिक्त खनिज मुरूम के अवैध उत्खनन में 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमशः एमपी 54 जेडसी 3204, एमपी 54 जेडए 7594 एवं एमपी 54 जेडसी 3520 को जप्त कर पुलिस चौकी ताला बांधवगढ़ में सुरक्षित रखा गया है। सभी वाहनों पर म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# स्व-सहायता समूहों व्दारा आयोजित होली मेला का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

### समूहों द्वारा तैयार किये गये प्राकृतिक रंग

### पकवान एवं होली से संबंधित अन्य सामग्री मेले में उपलब्ध

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

होली के अवसर पर दो दिवसीय विशेष होली मेला 28 फरवरी से 01 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। मेले में होली को दृष्टिगत रखते हुए उमरिया जिले की विभिन्न स्व सहायता समूहों की महिलाओं व्दारा प्राकृतिक गुलाल, शुध्द पकवान आदि तैयार कर स्टाल मे रखा गया है ,जिनका विक्रय महिलाओ व्दारा किया जाएगा,जिससे उनकी आय में वृध्दि होगी।

उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय उमरिया स्थित मंगल भवन में आयोजित होली मेले का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि स्व - सहायता समूहों के उत्पादों के विक्रय सह प्रदर्शन तथा समूह सदस्यों की आय में वृद्धि के लिये मिशन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस होली में प्राकृतिक रंगों की मिठास और उमंग के साथ होली मनाने के लिये आजीविका की बहनों ने खास तैयारियां की हैं। उन्होने जिलेवासियों से अपील की है कि मंगल भवन में आयोजित होली मेले मेले में पहुंचकर होली पर्व के दौरान उपयोग होने वाली वस्तुओं का अवलोकन करते हुए उसका क्रय करें तथा उनके व्दारा तैयार किए गए उत्पादों को खरीद कर प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह, तृप्ती गर्ग सहित समूह की महिलाएं , प्रबंधक उपस्थित रहे।

# बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की मांग बढ़ी : कीर्ति सोनी



**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उमरिया जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं चाँदनी चौक से सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल के हवाले से बताया कि आगामी होली के अवसर पर इस वर्ष देशभर में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष के लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार की तुलना में लगभग 20 से 25 प्रतिशत अधिक है। इस बार होली के अवसर पर भारतीय निर्मित हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, पिचकारियां, गुब्बारे, चंदन, पूजन सामग्री, परिधान तथा अन्य स्वदेशी उत्पादों की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है, जबकि वर्ष 2021 से पहले बाजारों में चीनी सामान का वर्चस्व हुआ करता था।कैट का मानना है कि होली से संबंधित वस्तुओं के अलावा मिठाइयों, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट आइटम, फूल-फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी उत्पादों तथा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की भी बाजारों में भारी मांग देखी जा रही है। होली खेलने के लिए सफेद टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा, सलवार-सूट तथा 'हैप्पी होली' लिखी टी-शर्ट भी बड़ी संख्या में खरीदी जा रही हैं। कैट के अनुमान के अनुसार केवल म प्र में ही लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। शहर के थोक और खुदरा बाजार रंग-बिरंगे गुलाल, आकर्षक पिचकारियों, गुजिया की मालाओं और ड्राई फ्रूट पैकों से सजे हुए हैं तथा दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है।मिठाई की दुकानों पर भी विशेष रूप से होली की पारंपरिक मिठाई गुजिया की बिक्री में बड़ा उछाल आया है।

### देवगवां ग्राम मे रूकवाया गया बाल विवाह

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता के मार्गदर्शन में चाइल्ड लाइन से बाल विवाह की सूचना मिलते ही उमरिया जिले के देवगवां गांव में सीडीपीओ राज नारायण और सुपरवाइजर रामकला डोंगरे ने पुलिस विभाग के साथ संबंधित के घर उपस्थित होकर बाल विवाह रुकवाया। परिवार जनो से कहा गया कि निर्धारित उम्र के बाद ही बच्चे का विवाह करे, जिस पर उन्होने सहमति व्यक्त की।


## कार्यालय नगर परिषद कटंगी, जिला - बालाघाट (म.प्र)

E-Mail ID – cmokatangibalaghat@mpurban.gov.in, cmokatangibalaghat.mpurban@gmail.com
Phone No - 07630-250129, Fax No. - 07630-250073

क्रं./ 3669 / नजूल शा० / न०परि० / 2026 कटंगी दिनांक - 28.02.2026

### ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद कटंगी, जिला - बालाघाट द्वारा साप्ताहिक बैठकी बाजार फीस एवं पशु पंजीयन फीस तथा अस्थाई दखल उपविधि ( गुजरी ) वसूली ठेका (निविदा) वित्तीय वर्ष 2026 2027 के लिए अर्थात दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक ( 12 माह ) की अवधि के लिए फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है । अतः सारणी में दर्शाये विवरण एवं शर्तो का पालन करने वाला व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptendres.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाता जो वेवसाईट में पंजीकृत है। इस निविदा में दरे प्रस्तुत कर सकता है । विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | फीस/शुलक/दर | ठेका अवधि | ऑफसेट प्राईज | निविदा फार्म राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_486477_1 | साप्ताहिक पशु पंजीयन फीस | 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक | 6,50,600/- | 5,000/- | 65,000/- |
| 2 | 2026_UAD_486479_1 | साप्ताहिक बैठकी बाजार | | 6,00,000/- | 5,000/- | 60,000/- |
| 3 | 2026_UAD_486480_1 | अस्थाई दखल उपविधि (गुजरी) ठेका | | 14,00,000/- | 5,000/- | 1,40,000/- |

1. उच्चतम निविदाकार को 18 प्रतिशत जी.एस.टी. की राशि शासन को जमा किया जाना होगा।
2. प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी वेबसाईट https://www.mptendres.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है जिस नाम से आई.डी. होगी उसी से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा ।
3. निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाईन वेबसाईट https://www.mptendres.gov.in में ऑनलाईन पेमेंट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 28.02.2026 समय 6.30 बजे से दिनांक 14.03.2026 समय 6.30 बजे तक खरीदे जा सकते है ।
4. ऑनलाईन बीड सबमीट करने का अंतिम दिनांक 14.03.2026 समय 6.30 बजे तक ।
5. ई - निविदा दिनांक 16/03/2026 को दोपहर 12.00 बजे खोली जावेगी ।
6. समस्त निविदा प्रपत्रों में निविदाकार की डिजीटल हस्ताक्षर करना होगा 7
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन पेमेंट द्वारा किया जावेगा ।
8. निविदा के समस्त अधिकार नगर परिषद कटंगी, जिला - बालाघाट के पास सुरक्षित है।
9. ऑनलाईन निविदा फार्म - ए में ठेकेदार को निम्नलिखित के स्वंय के खाते से जमा की हुई है ।
   1-अमानत राशि ऑनलाईन रिसिप्ट (EMD) निविदाकार के स्वयं के खाते से जमा की हुई है ।
   2 - निकाय को बकायादार नही होने का प्रमाण-पत्र 3 - निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र ( Affaidavit)
   4- आधार कार्ड 5-पेनकार्ड
10. निविदा में संशोधन केवल वेबसाईट पर देख सकते है । अखबारो मे इसका प्रकाशन नही किया जावेगा ।

नोट- यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये नगर परिषद कटंगी, जिला बालाघाट के राजस्व शाखा में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर देखी जा सकती है।

( श्रीमति धर्मकला / कामराज देशमुख) प्रभारी अध्यक्ष नगर परिषद कटंगी बालाघाट

( श्रीमति सविता / दिनेश नागमोते) सभापति नगर परिषद कटंगी बालाघाट

( श्री राधेश्याम चौधरी) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कटंगी बालाघाट

## अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग के निर्देशानुसार जिला पेंशन कार्यालय द्वारा राज्य केंद्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग प्रक्रिया पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला योजना भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करना है प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि राज्य शासन द्वारा राज्य केंद्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल का गठन किया गया है अब प्रदेश के सभी पेंशन प्रकरण इसी सेल के माध्यम से ऑनलाइन संसाधित किए जाएंगे आगामी समय में सभी पेंशन प्रकरणों का निराकरण पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से होगा।

## राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** हम फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो मिनट राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन आज प्रात: 9 बजे विवेकानंद चौक रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पीयूष मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस होंगे समस्त गणमान्य नागरिकों एवं हम फाउंडेशन के सदस्यों से अपील है कि इस राष्ट्रगान कार्यक्रम में शामिल होंवे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आयुष विभाग व सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा होलिस्टिक वेलबीईंग केम्प्स के तहत वरिष्ठजनों के लिये आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम माहिष्मती घाट में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन हुआ कार्यक्रम में भगवान धनवंतरी पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का सम्मान श्रीफल एवं पुष्प से किया गया। 51 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण किया गया। रोगियों को नियमित योग, व्यक्तिगत स्वच्छता, सामाजिक जुड़ाव, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. हर्ष कर्महे, जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री आहाके, आयुष चिकित्सक डॉ. आशीष गौठरिया, डॉ. ऋचा धुर्वे, डॉ. एकता वाल्को, डॉ. प्रियंका धुर्वे, डॉ. शबनम परवीन एवं वृद्धाश्रम प्रबंधक जमुना उइके एवं आयुष कर्मचारी उपस्थित थे।

## दो स्थायी वारंटियों गिरफ्तार

**मण्डला/निवास (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में फरार एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना निवास पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया 28 फरवरी को थाना निवास पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की तलाश कर उन्हें उनके निवास स्थान से विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया गिरफ्तार स्थायी वारंटी में फूलसिंह उर्फ तीरथ पिता गुलाब सिंह उईके उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम भानपुर थाना टिकरिया एवं प्रहलाद बुढ़ापे पिता अनोखेलाल बुढ़ापे उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम भैंसवाही पौड़ी थाना बीजाडांडी शामिल हैं।

## ईको विकास समितियों की प्रतियोगिता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कान्हा टाईगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा ईको विकास समितियों के साथ नियमित रूप से समन्वय एवं संवाद स्थापित करने हेतु प्रतिवर्ष खेलकूद प्रतियोगिताए आयोजित की जाती है। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन 16 फरवरी से आरंभ हुआ जिसका समापन कार्यक्रम 26 फरवरी को ईको सेन्टर खटिया में सम्पन्न हुआ। इन प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण में 9 परिक्षेत्रों अंतर्गत 136 ईको विकास समितियों के 2214 महिला एवं पुरुष खिलाडियों ने कबड्डी एवं वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लिया।

# मचलेश्वर हिरदेनगर मेला में उत्साह का वातावरण: भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ एसपी ने किया क्षेत्र का भ्रमण, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मण्डला(स्वतंत्रमत)





शिवरात्रि से होलिका दहन की रात्रि तक भरने वाले मचलेश्वर हिरदेनगर मेला में उत्साह का वातावरण दिखाई देने लगा हैं। दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ अन्य जिलों से यहां पर लोग आ रहे हैं। इस मेले की खास बात यह है कि यहां पर घरेलू समान के साथ पशुओं की भी खरीदी विक्री होती है। पशुमेला के नाम से विख्यात मचलेश्वर मेला में तमाम व्यवस्था की जबावदारी ग्राम पंचायत हिरदेनगर के पास है। सरपंच श्रीमति मुन्नी मसराम, उपसरपंच राकेश चौरसिया, प्रभारी सचिव सुनील साहू एवं जनपद व जिला पंचायत सदस्यों ने सामूहिक रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर बिजली, पानी, सुरक्षा यातायात व्यवस्था के साथ अन्य सुविधाओं को लेकर खासा इंतजाम किया गया है। ताकि मेला घूमने वाले जनमानस और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### मचलेश्वर मेला प्रदेश में बनी पहचान

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि इस मेले में खास बात यह है कि यह मेला जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। मचलेश्वर हिरदेनगर मेले में अनेक राज्यो से लोग यहां अपने पशु लेकर पहुंचते हैं। जिला मुख्यालय मंडला से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत हिरदेनगर में आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक मेले में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां ग्रामीण अंचलों से लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों तक के लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मेले में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजाई हैं। बच्चों के खिलौनों से लेकर पलंग, कुर्सी, जूते-चप्पल, कपड़े तथा घरेलू उपयोग की विभिन्न सामग्रियां यहां उपलब्ध हैं। ग्रामीणों के लिए यह मेला खरीदारी का बड़ा केंद्र बन गया है जहां उन्हें एक ही स्थान पर आवश्यक वस्तुएं मिल जाती हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा हिरदेनगर चौकी अंतर्गत आयोजित मचलेश्वर मेला हिरदेनगर का भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा की उपस्थिति में आमजन की सुरक्षा, सुचारू यातायात संचालन एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, रेडियम युक्त बैरिकेड एवं स्टॉपर लगाने तथा फायर ब्रिगेड को निर्धारित स्थान पर तैनात रखने के निर्देश दिए गए।

### यातायात व्यवस्था पर पुख्ता इंतजाम

यातायात व्यवस्था को लेकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने एवं बिना नंबर प्लेट तथा तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया मेले में संचालित झूलों को अनुमति एवं भौतिक सत्यापन उपरांत प्रारंभ करने तथा पशुओं को सड़क से दूर निर्धारित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा, महाराजपुर थाना प्रभारी जय सिंह यादव, चौकी प्रभारी हिरदेनगर उप.निरी. हरछट ठाकुर, मेला प्रभारी उनि. सुरजीत सिह परमार, उनि. जितेंद्र यादव एवं मेले मे लगा समस्त बल उपस्थित रहे।

### पशुओं की खरीदी विक्री जमकर

मचलेश्वर मेला विशेष रूप से पशुओं की खरीदी-बिक्री के लिए प्रदेश भर में प्रसिद्ध रहा है। इस बार भी सैकड़ों की संख्या में पशुपालक गाय, भैंस, बकरे और बकरियां लेकर पहुंचे हैं। पशु बाजार क्षेत्र में खरीदारों और विक्रेताओं की चहल-पहल देखते ही बन रही है। पशुपालकों के लिए यह मेला महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर लेकर आता है। मेले में खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन के भी भरपूर साधन उपलब्ध हैं। विभिन्न प्रकार के झूले, खेल-तमाशे तथा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे नृत्य कार्यक्रम लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है।

### 100 वर्षो से लग रहा मेला

करीब 100 वर्षों से अधिक समय से यह मेला हिरदेनगर में आयोजित होता आ रहा है। जानकारी के अनुसार हिरदेनगर के मालगुजार कहलाने वाले पंडित मचलप्रसाद मिश्र ने इस मेले को बृहद रूप देने और क्षेत्र की पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की थी। सन 1970 के पूर्व इस मेले का नाम मचलेश्वर मेला हिरदेनगर था। वर्ष 1971 से 2003 तक इसका नाम अपभ्रंश होकर हिरदेनगर मेला के रूप में प्रचलित रहा। बाद में राज्य शासन द्वारा पुन: इसका आधिकारिक नाम मचलेश्वर हिरदेनगर मेला घोषित किया गया।

### पेशा एक्ट के बाद मिली जबावदारी

पूर्व में मेले के आयोजन की जिम्मेदारी जनपद पंचायत मंडला के पास थी किंतु पेसा एक्ट लागू होने के बाद आयोजन का दायित्व ग्राम पंचायत हिरदेनगर को सौंप दिया गया। पंचायत द्वारा मेले से संबंधित सभी आवश्यक निविदा प्रक्रियाएं पूर्ण की गई हैं पहले मेले से होने वाली प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आय जनपद पंचायत को प्राप्त होती थी परंतु अब यह आय ग्राम पंचायत हिरदेनगर को मिल रही है। पंचायत इस राशि का उपयोग ग्राम विकास कार्यों में कर रही है जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल रही है मचलेश्वर हिरदेनगर मेला न केवल सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी माध्यम बन चुका है।

# स्वयं सिद्ध में होली मिलन समारोह

मण्डला(स्वतंत्रमत)



स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल कॉलेज में होली मिलन समारोह उत्साह एवं आनंद के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शरद नारायण खरे प्राचार्य महिला महाविद्यालय रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री खरे द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात राजेंद्र मेहरा द्वारा श्री खरे को पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया मुख्य अतिथि श्री खरे ने अपनी हास्य कविताओं से विद्यार्थियों का मनमोह लिया विद्यार्थियों के आग्रह पर उन्होंने एक गीत की भी प्रस्तुति दी जिससे वातावरण और भी आनंदमय हो गया इसके उपरांत श्री खरे ने विद्यार्थियों एवं संस्था के स्टाफके साथ गुलाल से तिलक वंदन कर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ. समीर साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया मुख्य अतिथि श्री खरे ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक होली मनाने का संदेश दिया। इस शुभ अवसर पर प्रभारी प्राचार्य सुरेंद्र यादव, अमीषा विश्वकर्मा, शीतल उईके, राजकुमारी सलाम, वर्षा तिवारी, वंदना तिवारी, दीपेश खरे एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# दो दिवसीय होली उत्सव मेला का शुभारंभ

मण्डला(स्वतंत्रमत)



माहिष्मती घाट के समीप स्थित कला दीर्घा परिसर में दो दिवसीय होली उत्सव मेले का शनिवार को शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सिंह कुशराम एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करते हुए स्व. सहायता समूहों की महिलाओं से उनके उत्पादों की जानकारी ली तथा फूड स्टॉल पर तैयार किए जा रहे व्यंजनों का स्वाद भी चखा। मेले में जिले भर के स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं प्राकृतिक उत्पादों को विक्रय के लिए प्रदर्शित किया गया है। विशेष रूप से होली पर्व के लिए तैयार किए गए हर्बल रंग, गुलाल एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे फूड स्टॉल भी मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं। यह आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत द्वारा किया गया है जिसका उद्देश्य स्व सहायता समूहों को प्रोत्साहन देना एवं उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक बीडी भैंसारे, जिला प्रबंधक निलेश दुबे, श्रीमती अंकिता मरावी सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित प्राकृतिक एवं पर्यावरण हितैषी उत्पादों की खरीदारी करें। यह न केवल स्थानीय महिलाओं के आत्मनिर्भरता प्रयासों को सशक्त करेगा, बल्कि प्रकृति संरक्षण की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम सिद्ध होगा। दो दिनों तक चलने वाला यह होली उत्सव मेला रंगों, स्वाद और स्वावलंबन का सुंदर संगम प्रस्तुत कर रहा है। सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना होली उत्सव मेले में सपरिवार पहुंचे। यहां उन्होंने मेले में की गयी व्यवस्था का जायजा लिया और स्टाल लगाने वाली स्व सहायता समूहों की महिलाओं से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने महिलाओं से स्टॉलल के माध्यम से आज की बिक्री की भी जानकारी ली। सपरिवार पहुंचे श्री मीना ने होली पर्व के लिए मेले के स्टॉल से सामान भी खरीदा।

# वन अधिकार प्रावधान समझने पहुंचे मवई

मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)



मूलवासी सेवा समिति छिंदीगढ़ मवई द्वारा वन अधिकार कानून 2006 के प्रावधानों के अनुसार इस क्षेत्र में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रपत्र भरने की प्रक्रिया विगत दो वर्षों से गांव गांव में चलाया जा रहा है अब तक 9 गांव का प्रपत्र भरकर उपखंड स्तरीय समिति बिछिया में जमा किया जा चुका है और 16 गांव की दावा भरने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है इस दावा प्रक्रिया को पूरा करने में प्रत्येक गांव को अनुमानित एक माह का समय लगता है। यह दावा प्रक्रिया जंगल या उसके पास निवास करने वाले मध्यप्रदेश के सभी गांवों को करना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से समय समय पर कलेक्टर वन विभाग और आदिवासी कल्याण विभाग को दिशा निर्देश जारी किया जाता रहा है। वन अधिकार कानून क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। मवई में दावा प्रक्रिया भरे जाने की जानकारी बैतूल के ग्रामीणों को मिला तो कल शुक्रवार को जिले के 30 सामूदायिक लीडर वनाधिकार कानून 2006 के प्रावधानों और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानने समझने के लिए देवगन लिंगों गोंडवाना गोटूल सेम्हर कछार ग्राम पोड़ी बहरमुंडा विकासखंड मवई तहसील बिछिया में आये थे उनके साथ वनाधिकार कानून के तहत् व्यक्तिगत वन अधिकार सामुदायिक वन अधिकार और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के प्रावधानों प्रक्रिया तथा चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया चर्चा उपरांत बैतूल से आये सभी सामुदायिक लीडरों ने अपने अपने क्षेत्रों में वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन के साथ काम शुरू करने का निर्णय लिया है और समय-समय पर मूलवासी सेवा समिति मध्य प्रदेश को मदद देने के लिए आग्रह किया गया है। इस कार्यक्रम में मवई विकासखंड से 15 गांव के प्रतिनिधियों के अलावा स्टेट मास्टर ट्रेनर एफआरए चरन सिंह परते, सुन्दर लाल मार्को क्षेत्रिय मुखिया, रूकमणी सुरेशवर,चंद्रावती पेंद्रो, एट्री संस्था के मोहित महाजन आदि शामिल थे।

## सरपंच का अतिक्रमण हटाया प्रशासन ने

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मण्डला तहसील के ग्राम धौरगांव में स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शासकीय नलकूप पर अतिक्रमण किए जाने संबंधी शिकायत जनसुनवाई 24 फरवरी में प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायत के परिपालन में एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सूचना पत्र क्रमांक 609, 24 फरवरी के आधार पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 27 फरवरी 2026 को स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत धौरगांव की सरपंच श्रीमती मीरा बाई सिंगोर द्वारा शासकीय नलकूप पर अतिक्रमण कर निजी उपयोग के लिए मोटर पंप स्थापित किया गया था जो शासकीय संपत्ति का अनधिकृत उपयोग पाया गया। नियमानुसार संयुक्त टीम द्वारा शासकीय नलकूप से अतिक्रमण हटाया गया तथा स्थापित मोटर पंप को निकालकर जप्ती की कार्रवाई करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यालय में जमा कराया गया। साथ ही भविष्य में अनधिकृत उपयोग की संभावना को रोकने हेतु नलकूप पर कैप लगाकर उसे विधिवत् बंद कर सुरक्षित किया गया। कार्रवाई के समय तहसीलदार श्री राम सिंह उलाडी, पुलिस थाना बम्हनी से जीवन सिंह मार्को, मुकेश श्रीवास सहायक उप निरीक्षक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री विनेश उईके, जिला सलाहकार एस.एस. श्रीवास्तव, जिला सलाहकार भूजलविद किशोर भोंडेकर, कोटवार लेखराम डेहरिया अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# होली पर्व की तैयारियों में सजी रंग-गुलाल की दुकानें

**अपने वतन लौट रहे काम पर गए मजदूर**

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में होली पर्व को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। बाजारों में रंग-गुलाल, पिचकारी, अबीर और आकर्षक सजावटी सामग्री की दुकानें सज गई हैं। मुख्य बाजार, बांसुरी वादन चौक और बुधवारी बाजात सहित अन्य व्यापारिक स्थलों पर सुबह से ही ग्राहकों की चहल-पहल देखी जा रही है। बच्चों में रंग-बिरंगी पिचकारियों और कार्टून वाले मुखौटों को लेकर खास उत्साह नजर आ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष प्राकृतिक और हर्बल रंगों की मांग अधिक है। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है । जिससे बाजार का माहौल पूरी तरह होलीमय हो गया है। मिठाई की दुकानों पर भी गुझिया, मालपुआ और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की तैयारी शुरू हो चुकी है। वहीं रोज़गार के सिलसिले में बाहर गए मजदूर भी होली पर्व मनाने अपने वतन लौट रहे हैं। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। परिवारों में अपनों के घर वापसी से खुशी का माहौल है। कई मजदूरों ने बताया कि होली का त्योहार वे अपने परिवार के साथ ही मनाना पसंद करते हैं, इसलिए चाहे जितनी भी व्यस्तता हो, इस अवसर पर घर जरूर आते हैं। नगर में प्रशासन द्वारा भी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की गई है। इस तरह रंगों और उमंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## 26 भैंस जब्त आरोपियों पर मामला दर्ज

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में टिकरिया पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना टिकरिया क्षेत्र में मवेशी तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 16 चक्का ट्रक से अवैध रूप से ले जाई जा रही 26 भैंसों को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना टिकरिया अंतर्गत पिछले कई दिनों से मवेशी तस्करों की गतिविधियां लगातार होने की जानकारी मिल रही थी। बसों एवं बड़े वाहनों के माध्यम से मवेशियों का अवैध परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा था। इस पर थाना प्रभारी प्रदीप पांडे की विशेष निगरानी कि रात्रि लगभग 10 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक 16 चक्का ट्रक में बड़ी संख्या में भैंसों को भरकर मंडला से जबलपुर की ओर ले जाया जा रहा है।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला-मण्डला**

**Municipal Counell Nainpur, Dlatriet-Mandla (M.P) Ph. No. 07646-240106 Emall ID -cmonanpur@mpurban.gov.in**

क्रमांक 4273 / न0पा0/राजस्व/2026 दिनांक 27/02/2026

**मकान/भूमि नाम परिवर्तन अंतिम सूचना**

नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत निकाय क्षेत्रअंतर्गत विभिन्न आवेदकों के द्वारा भवन/भूमि क्रय विक्रय तथा फौतीनामा से नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन में स्थानीय इश्तहार में किसी भी प्रकार से आपत्ति प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप नाम नामांतरण की कार्यवाही हेतु अंतिम सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित की जाती है भवन भूमि फौतीनामा, नाम परिवर्तन की सूची कार्यालय के सूचना पटल या राजस्व विभाग के प्रभारी से संपर्क कर कार्यालयीन समय पर अवकाश दिवस छोड़कर सूची का अवलोकन किया जा सकता है। (जारी सूची का पत्र क्र . 4036/4037 दिनांक 13/02/2026) दिनांक 5/3/2026 तक आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जावेगी

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद नैनपुर**

# जमानत कल, आज और कल: एक शोध



दिनेश चन्द सागर
(एडवोकेट)

लेखक पूर्व स्पेशल डीजीपी एवं पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री (प्रथम बार) से सम्मानित

भारतीय न्याय की भव्य संरचना में, जमानत की अवधारणा से अधिक महत्वपूर्ण या विवादित कोई और विषय नहीं है। अक्सर इसे किसी व्यक्ति को उसकी प्रतिभूतियों को सौंपने के रूप में वर्णित किया जाता है। जमानत जेल की सलाखों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के बीच एक सेतु का कार्य करती है। भारतीय पुलिस सेवा के सदस्य के रूप में कानून प्रवर्तन की अग्रिम पंक्तियों में सेवा देने और अब माननीय न्यायालयों के समक्ष एक अधिवक्ता के रूप में उपस्थित होने के नाते, मैंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि हमारी कानूनी प्रणाली की असली ताकत सार्वजनिक सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखने की क्षमता में निहित है। जैसे-जैसे भारत औपनिवेशिक काल के दंड प्रक्रिया संहिता से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की ओर बढ़ रहा है, जमानत के विकास को समझना केवल कानूनी जगत के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए अनिवार्य है।

## सुकरात की विरासत- स्वतंत्रता की वैश्विक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

जमानत की खोज उतनी ही प्राचीन है जितनी कि राय की अवधारणा। 399 ईसा पूर्व में, जब महान दार्शनिक सुकरात को एथेंस में युवाओं को भ्रष्ट करने के आरोप में मृत्युदंड दिया गया था, तब उनके शिष्य प्लेटो ने अपने गुरु की अस्थायी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए एक वित्तीय बांड की व्यवस्था करने का प्रयास किया था। यद्यपि एथेंस के न्यायाधीशों ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, लेकिन वहीं से एक वैचारिक बीज बोया गया था- यह मान्यता कि अदालत में किसी व्यक्ति की उपस्थिति को बेड़ियों के बजाय एक प्रतिभूति द्वारा सुनिश्चित किया जा सकता है।मध्यकालीन इंग्लैंड में, सर्किट कोर्ट्स ने जमानत के औपचारिक ढांचे को जन्म दिया। चूँकि न्यायाधीश एक काउंटी से दूसरी काउंटी की यात्रा करते थे, आरोपी व्यक्ति अक्सर परीक्षण की प्रतीक्षा में महीनों तक जेल में सड़ते रहते थे। इसे रोकने के लिए, वेस्टमिंस्टर के संविधि (1275) ने यह संहिताबद्ध किया कि कौन से अपराध जमानती थे। इसी अंग्रेजी कॉमन लॉ ने भारतीय न्यायशास्त्र की नींव रखी, जो अंतत: 1898 और 1973 के सीआरपीसी के रूप में विकसित हुई।प्राचीन भारत में भी, कौटिल्य के अर्थशास्त्र (चौथी शताब्दी ईसा पूर्व) के माननीय सिद्धांतों में सशर्त रिहाई को मान्यता दी गई थी। इसमें उल्लेख था कि यदि गारंटी देने वाले (सामुदायिक सदस्य या परिजन) परीक्षण के दौरान उपस्थिति का आश्वासन दें, तो आरोपी व्यक्तियों को मुक्त किया जा सकता है। यह दर्शन मुगल काल में मुचलका जमानत के माध्यम से जीवित रहा, जो हमारे आधुनिक व्यक्तिगत बांड का पूर्वज है।

## स्वर्ण नियम- जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद

दशकों तक, भारतीय न्यायिक दृष्टिकोण माननीय न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्णा अय्यर द्वारा राजस्थान राय बनाम बालचंद (1977) के ऐतिहासिक मामले में कहे गए एक क्रांतिकारी वाक्य द्वारा परिभाषित किया गया था- हमारे आपराधिक न्याय तंत्र का मूल नियम जमानत है, जेल नहीं।

यह दर्शन निर्दोषता की पूर्वधारणा में निहित है। जब तक कोई माननीय कानून की अदालत किसी व्यक्ति को संदेह से परे दोषी नहीं पाती, तब तक वह कानूनी रूप से निर्दोष है। किसी निर्दोष व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता से वंचित करना मानवीय गरिमा पर एक गंभीर प्रहार है। इसे माननीय भारत के सर्वोच न्यायालय ने हुसैनारा खातून (1979) मामले में और मजबूती दी, जहाँ यह पाया गया कि हजारों अंडरट्रायल कैदियों ने जेल में अपने कथित अपराधों की अधिकतम सजा से अधिक समय बिता दिया था। इस मामले ने प्रभावी रूप से भारत के संविधान के अनुछेद 21 के तहत त्वरित सुनवाई के अधिकार को जीवन के अधिकार का हिस्सा बना दिया।

## वैचारिक परिवर्तन- बीएनएसएस, 2023 का मार्ग

1 जुलाई, 2024 को भारत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के कार्यान्वयन के साथ एक नया अध्याय शुरू किया। न्याय की भावना वही है, लेकिन वैधानिक ढांचा बदल गया है-

**धारा 482 बीएनएसएस**- यह माननीय उच न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियों को संरक्षित करती है ताकि किसी भी अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोका जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

**धारा 483 बीएनएसएस**- यह सीआरपीसी की तत्कालीन धारा 439 का स्थान लेती है, जो जमानत के संबंध में माननीय उच न्यायालय या माननीय सत्र न्यायालय को विशेष शक्तियाँ प्रदान करती है।

**धारा 484 बीएनएसएस**- यह अग्रिम जमानत से संबंधित है (पूर्व में धारा 438 सीआरपीसी), जो किसी व्यक्ति को न्यायिक सुरक्षा मांगने की अनुमति देती है यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उसे गैर-जमानती अपराध के लिए गिरफ्तार किया जा सकता है। नए शासन में एक ऐतिहासिक अपडेट बीएनएसएस की धारा 479 है, जो अनिवार्य करती है कि पहली बार अपराध करने वाले व्यक्ति, जिन्होंने परीक्षण के दौरान अधिकतम कारावास की एक-तिहाई अवधि जेल में बिता ली है, उन्हें जमानत पर रिहा किया जाएगा।

## मानवीय दृष्टिकोण

इन कानूनों को क्रियान्वित होते देखने के लिए, एक्स वाय जेड के काल्पनिक मामले पर विचार करें, जो कि 80 वर्षीय बुजुर्ग हैं और गांव के एक कड़वे भूमि विवाद में फंस गए हैं। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत हत्या की साजिश के आरोपी, वह उस उम्र में जेल की कोठरी में हैं जब उन्हें निरंतर चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता एबीसी द्वारा माननीय अधिवक्ता केएलएम के माध्यम से दायर औपचारिक याचिका में, जमानत का तर्क तकनीकी से परे मानवीय न्याय की पुकार बन जाता है। बीएनएनएस की धारा 483 के तहत, अधिवक्ता केएलएम तर्क देते हैं कि एक्स वाय जेड की वृद्धावस्था और पुरानी बीमारियाँ (उच रक्तचाप और गठिया), निरंतर कारावास को प्री-ट्रायल सजा (मुकदमे से पहले की सजा) बना देती हैं। यह याचिका बीएनएनएस की धारा 480 के परंतुक पर अत्यधिक निर्भर करती है, जो विशेष रूप से एक माननीय न्यायालय को ऐसे व्यक्ति को जमानत देने का अधिकार देती है जो बीमार या अशक्त है, भले ही अपराध गंभीर श्रेणी का हो। यह माननीय सर्वोच न्यायालय के संजय चंद्रा बनाम सीबीआई (2012) के फैसले को दोहराता है, जिसमें कहा गया था कि आरोप की गंभीरता एकमात्र कारक नहीं है; न्यायालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमा ही अपने आप में सजा न बन जाए।

## संतुलन- न्यायिक जांच और सामाजिक सुरक्षा

स्वतंत्रता नियम तो है, लेकिन माननीय न्यायपालिका सामाजिक सुरक्षा की भी सतर्क प्रहरी है। वर्ष 2025 के चेतराम वर्मा बनाम उत्तर प्रदेश राय के हालिया मामले में, माननीय सर्वोच न्यायालय ने एक जमानत आदेश को रद्द कर दिया, और दहेज हत्या जैसे गंभीर मामले में इसे चौंकाने वाला बताया। माननीय न्यायालय ने निचली न्यायपालिकाओं को भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 के तहत वैधानिक पूर्वधारणा की याद दिलाई। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री का बार प्राप्त हुआ है, मैं दृढ़ पुलिस कार्रवाई की आवश्यकता को समझता हूँ; हालाँकि, एक अधिवक्ता के रूप में, मैं यह भी स्वीकार करता हूँ कि माननीय न्यायालय जमानत से इनकार कर सकता है यदि निम्नलिखित जोखिम हों-

### न्याय से भागने का जोखिम

साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने की संभावना।
जमानत पर बाहर रहते हुए अपराध को दोहराने का खतरा।

### निष्कर्ष- आगे की राह

जमानत जेल से छूटने का मुफ्त कार्ड नहीं है; यह सुनिश्चित करने का एक कानूनी तंत्र है कि न्याय तर्कसंगत हो। जैसे-जैसे हम बीएनएनएस 2023 की जटिलताओं को समझते हैं, माननीय न्यायपालिका के सामने यह सुनिश्चित करने का बड़ा कार्य है कि जेल का अपवाद कहीं जमानत के नियम को न निगल जाए।लोकतंत्र की ताकत इस बात से मापी जाती है कि वह अपने आरोपी के साथ कैसा व्यवहार करता है। व्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करके, कानून राष्ट्र की स्वतंत्रता की रक्षा करता है।



ज्योतिषियों के अनुसार कहीं 2 तो कहीं 3 मार्च को होगा होलिका दहन... 4 को खेलेंगे रंगों की होली

# भद्रा और चंद्रग्रहण के साए में होलिका दहन

इस साल होलिका दहन 3 मार्च को पड़ रही है। ऐसे में इस दिन चंद्रग्रहण का साया रहने वाला है। होलिका दहन पर चंद्रग्रहण का साया रहने वाला है। विद्वानों के अनुसार, सूतक काल शुरू होने से पहले या विशेष मुहूर्त में ही होलिका दहन किया जाएगा।

### पंचांग के अनुसार

फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत, 02 मार्च 2026 को शाम 05 बजकर 55 मिनट से शुरू हो जाएगी, जिसका समापन 03 मार्च 2026 शाम 05 बजकर 07 मिनट पर होगा। इस तरह से कहीं 2 को कहीं 03 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा।

### भद्रा का साया

हिंदू धर्म में होलिका दहन में भद्रा पर विचार किया जाता है। इस वर्ष होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा। पंचांग के अनुसार भद्राकाल 03 मार्च को सुबह 01 बजकर 25 मिनट से लेकर 04 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। भद्राकाल में होलिका पूजा और होलिका दहन वर्जित होता है। शास्त्रों में किसी भी तरह का शुभ कार्य भद्रा में करना वर्जित माना गया है। भद्रा की समाप्ति के बाद ही होलिका दहन किया जा सकता है। हांलाकि कहीं 3 तारीख को रिक्त तिथी घोषित की गई है लेकिन रंगों वाली होली 4 को ही खेली जाएगी।

### चंद्रग्रहण का साया

इस वर्ष होली पर चंद्रग्रहण का साया रहेगा। पंचांग के अनुसार, 03 मार्च को होलिका दहन होगा और इस दिन पूर्ण चंद्रग्रहण भी लगेगा। पूर्णिमा तिथि पर साल का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। ऐसे में इसका प्रभाव सीधे होलिका दहन की पूजा में देखने को मिलेगा। इस बार चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा सिंह राशि में होकर केतु के साथ संयोग करके ग्रहण योग बनेगा। भारतीय समय के अनुसार चंद्रग्रहण दोपहर 03 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा, जो शाम 06 बजकर 47 मिनट तक रहेगा।

### पूजन विधि

लकड़ी और कंडों की होली के साथ घास लगाकर होलिका खड़ी करें। फिर उसका पूजन करने से पहले हाथ में असद, फूल, सुपारी, पैसा लेकर पूजन कर जल के साथ होलिका के पास छोड़ दें। फिर होलिका को अक्षत, चंदन, रोली, हल्दी, गुलाल, फूल तथा गुलरी की माला पहनाएं। इसके बाद होलिका की तीन परिक्रमा करते हुए नारियल का गोला, गेहूं की बाली तथा चने को भूंजकर इसका प्रसाद सभी को वितरित करें। रंगों के त्योहार होली के दिन लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हैं और खुशी मनाते हैं। संपूर्ण भारतवर्ष में यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, लेकिन बृज और मथुरा जैसे क्षेत्रों में इसकी छठा अनुपम होती है। हिंदू धर्मानुसार होली के दिन से ही वसंत ऋतु का आगमन होता है और इस दिन पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

### सनातन धर्म के अनुसार

होलिका दहन ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति का प्रतीक है। शास्त्रों में इसे वर्ष की चार महारात्रियों में से एक बताया गया है। पिता हिरण्यकश्यप ने नारायण के अनन्य भक्त प्रहलाद को मारने के उद्देश्य से बुआ होलिका, जिसे अग्नि से सुरक्षा का वरदान मिला हुआ था, के साथ आग में बैठा दिया था, जिसमें नारायण की भक्ति से प्रहलाद सकुशल बच गया और उसकी कपटी बुआ आग में जलकर भस्म हो गई।

### विशेष टोटके

**धन प्राप्ति**- होलिका दहन के समय 5 लौंग, 5 इलायची और कुछ गुड़ अग्नि में अर्पित करें और 'ऊँ महालक्ष्म्यै नम:' मंत्र का जाप करें।

**कष्ट मुक्ति**- एक साबुत नारियल अपने ऊपर से 7 बार उतारकर होलिका की अग्नि में डालें।

**करियर**- अपने कार्यस्थल पर मोर का पंख रखें, यह राहु के दोषों को दूर करने में सहायक है।

## नवग्रह की लकड़ियों से कष्टों का दहन

### ग्रहों के अनुसार करें होलिका दहन में लकड़ी अर्पण

**सूर्य** के कारण मारकेश का भय हो तो मदार की लकड़ी अर्पित करें।

**चंद्रमा** के अनिष्ट प्रभाव को कम करने के लिए पलाश की लकड़ी।

**मंगल** को अनुकूल बनाने के लिए खैर वनस्पति।

**बुध** के अनिष्ट को शांत करने के लिए अपामार्ग की लकड़ी।

**बृहस्पति** के विपरीत प्रभाव को दूर करने के लिए पीपल की लकड़ी।

**शुक्र** के अनिष्ट प्रभाव को कम करने के लिए गूलर की लकड़ी।

**शनि** को अनुकूल बनाने के लिए शमी की लकड़ी।

**राहू** की शांति के लिए दूब।

**केतु** की शांति हेतु कुशा को अग्नि में समर्पित करें।

### यदि ग्रह दशा का पता न हो तो

अगर किसी को ग्रह दशा का ज्ञान नहीं है, तो भी सुख-समृद्धि एवं मंगल कामना के लिए होली की नौ परिक्रमा लगाएं। पहली परिक्रमा में मदार की लकड़ी, दूसरी परिक्रमा में पलाश की लकड़ी, तीसरी परिक्रमा में खैर (खादिर) वनस्पति, चौथी परिक्रमा में अपामार्ग की लकड़ी, पांचवी में पीपल की लकड़ी, छठी में गूलर की लकड़ी, सातवीं परिक्रमा में शमी की लकड़ी, आठवीं में दूब तथा नवीं परिक्रमा में कुशा को होलिका में अर्पित कर नवग्रहों को एक साथ नमन करें और अनिष्ट ग्रहों की शांति के लिए प्रार्थना करें।

### होली की भस्म घर ले जाने की परम्परा

होली की अग्नि और राख बहुत चमत्कारिक शक्ति से सम्पन्न होती है। होली के पूजन के पश्चात् होली की भस्म घर ले जाने की परम्परा है। ऐसा माना जाता है कि घर में इसे रखने से सभी प्रकार की बुरी आत्माएं घर से पलायन कर जाती हैं और वह घर वर्षभर के लिए सभी प्रकार से सुरक्षित रहता है।

## राशि के अनुसार करें उपाय

**मेष**- होलिका दहन की अग्नि में गुड़ अर्पित करें। हनुमान चालीसा का पाठ करने से भूमि और भवन विवादों में राहत मिल सकती है।

**वृषभ**-होलिका दहन में मिश्री या सफेद मिठाई अर्पित करें। सफेद या हल्के रंगों से होली खेलने से भाग्य मजबूत होता है।

**मिथुन** - होलिका दहन में हरी मूंग की दाल अर्पित करें। इससे कॅरियर और व्यापार में आने वाली रुकावटें दूर होंगी।

**कर्क**-होलिका दहन की अग्नि में चावल अर्पित कर मां लक्ष्मी का ध्यान करें और गुलाबी या सफेद रंगों का प्रयोग करें।

**सिंह**- होलिका दहन में गुड़ और लाल चंदन अर्पित करें। 'ॐ सूर्याय नम:' का जाप करने से मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या**-होलिका दहन में हरी इलायची या पान का पत्ता अर्पित करें। गणेशजी की पूजा करने से मानसिक शांति मिलेगी।

**तुला** -होलिका दहन में कपूर या मिश्री अर्पित करें। मां लक्ष्मी को लाल गुलाल चढ़ाने से समृद्धि आती है।

**वृश्चिक**- होलिका दहन में मसूर की दाल अर्पित करें। हनुमानजी को सिंदूर चढ़ाएं और लाल रंग से होली खेलें।

**धनु** - होलिका दहन में चने की दाल और हल्दी की गांठ अर्पित करें। पीले रंग का प्रयोग करने से स्वास्थ्य और समृद्धि आती है।

**मकर**- होलिका दहन में काले तिल और सरसों का तेल अर्पित करें। शनिवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाएं।

**कुंभ** -होलिका दहन में काले तिल, सरसों या गुड़ अर्पित करें। यह रोगों से बचाता है और शनि की कृपा दिलाता है।

**मीन**- होलिका दहन में हल्दी की गांठ और चावल अर्पित करें। पीले फूलों से विष्णुजी की पूजा करें।

### होली की आग लाएं

होली के जलने के बाद वहां से आग अपने घर लाना चाहिए। घर में गोबर के उपले से आग जलाकर उसमें नारियल की गरी और गेहूं की बाली भूनकर खाना चाहिए। होली के दिन ऐसा करने से दीर्घायु व समाज में सम्मान प्राप्त होता है। यह क्रिया रात में सूर्योदय के पहले करें।

### होली भस्म घर लाएं

परिवार के सभी सदस्यों के पैर के अंगूठे से लेकर हाथ को सिर से ऊपर पूरा ऊंचा करके कच्चा सूत नापकर होली में डालें। होली की विभूति, यानी भस्म (राख) घर जरूर लाएं। पुरुष इस भस्म को मस्तक पर और महिला अपने गले में लगाएं, इससे ऐश्वर्य बढ़ता है ।

### सुबह करें 3 परिक्रमा

किसी वजह से होलिका दहन में न पहुंचे हों तो अगले दिन सुबह सूरज निकलने से पहले जलती हुई होली के निकट जाकर तीन परिक्रमा करें । होली में अलसी, मटर, चना, गेहूं की बाली और गन्ना इनमें से जो कुछ भी मिल जाए, उसे होली की आग में जरूर डालें ।

### कामदेव का पूजन करें

रात में होली जलाने के बाद भोर के समय घर के बीच एक चौकोर टुकड़ा साफ करके उसमें 'क्लीं' लिखकर उसमें कामदेव का पूजन करना चाहिए। कामदेव को पांच अलग-अलग रंग के फूल, अबीर, गुलाल, सुगंध और पकवान अर्पित करना चाहिए।

### कॅरियर और कारोबार में मिलेगी तरक्की

21 गोमती चक्र लेकर होली दहन के दिन रात्रि में शिवलिंग पर चढ़ा दें। ऐसा करने से व्यापार और नौकरी में तरक्की मिलती है, साथ ही कारोबार में अच्छा मुनाफा होना शुरू हो जाता है।

### रोगों से मिलेगी मुक्ति

किसी को अगर कोई गंभीर बीमारी हो और वह रोग ठीक नहीं हो रहा हो तो होली दहन के समय देशी घी में दो लौंग, एक बताशा और एक पान का पत्ता, इन सभी को होली पर जलने वाली आग में डाल दें। अगले दिन इस राख को लाकर रोगी के शरीर पर लगाएं और फिर हल्के गर्म पानी से स्नान कराएं। ऐसा करने से रोग से जल्दी मुक्ति मिल सकती है।

### आपका जरूरी काम नहीं बन रहा हो तो

अगर आपका कोई जरूरी काम नहीं बन रहा हो तो जलती होली में नारियल के साथ पान और सुपारी भी चढ़ाएं। ऐसा करने से धन में वृद्धि होने की मान्यता है, साथ ही मनोकामना भी पूरी होती है।

### क्या होलिका दहन का प्रसाद घर ला सकते हैं?

धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलिका दहन का प्रसाद घर लाया जा सकता है। गेहूं, चने, नारियल, बताशे, नई फसल, चावल और जौ आदि प्रसाद को दोस्तों और परिवार वालों के बीच वितरित करना चाहिए। इससे नकारात्मकता दूर रहती है।



# सहरी से इफ्तार तक, जानें रोजे की सही दुआ और बरकत पाने के रूल्स

एकता

रमजान 2026 में रोजा रखने की नीयत से लेकर इफ्तार तक की सही दुआओं और उनके तरीके को समझें, जिसमें सहरी और इफ्तार के समय पढ़ी जाने वाली अरबी दुआओं का हिंदी अर्थ भी शामिल है। यह लेख आपको तरावीह की नमाज के महत्व को समझने में भी मदद करेगा। रमजान का पवित्र महीना इबादत और बरकत का समय है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। रोजा रखने से पहले और बाद में दुआ रखी जाती है, जिसके अपने खास नियम होते हैं और इन नियमों का पालन करना हर मुसलमान के लिए जरूरी है। रमजान में दुआ करने का फल कई गुना बढ़ जाता है, जिससे अल्लाह और बंदे का रिश्ता और भी गहरा हो जाता है।

## रोजा रखने की दुआ (सहरी की दुआ)

रोजा रखने के लिए नीयत यानी मन में पक्का इरादा करना सबसे जरूरी है। सहरी खाने के बाद दिल से अल्लाह को याद करते हुए रोजा रखने का इरादा किया जाता है।

**दुआ**- व बिसौमि गदिन नवैतु मिन शाह्रि रमजान

**अर्थ**- मैं अल्लाह के लिए रमजान के रोजे की नीयत करता/करती हूं।

## रोजा खोलने की दुआ (इफ्तार की दुआ)

दिन भर रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तार के समय रोजा खोला जाता है। खजूर या पानी से रोजा खोलने से पहले दुआ पढ़ना सुन्नत है। माना जाता है कि इस दुआ को पढ़ने से खाने में बरकत आती है और सवाब मिलता है।

दुआ- अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतु, व-बिका आमन्तु, व-अलयका तवक्कालतू, व अला रिजकिका अफतरतू

अर्थ- हे अल्लाह! मैंने तेरे लिए रोजा रखा, तुझ पर ईमान लाया, तुझ पर भरोसा किया और तेरे दिए हुए रिज्क (खाने) से रोजा खोला।

## नीयत/दुआ का सही तरीका

रोजा खोलने की नीयत ठीक इफ्तार के समय ही करनी चाहिए। अगर कोई इफ्तार से बहुत पहले ही रोजा तोड़ने का मन बना ले, तो रोजा अमान्य हो सकता है। इसलिए सही समय पर दुआ पढ़कर ही रोजा खोलना चाहिए ताकि अल्लाह की रहमत बनी रहे।

## तरावीह की नमाज

रमजान में पांच वक्त की फर्ज नमाज के साथ-साथ तरावीह की नमाज का भी बहुत महत्व है। यह नमाज रात के समय पढ़ी जाती है जिसमें पूरा कुरान सुना या पढ़ा जाता है। यह रातें इबादत में बिताने का सबसे अच्छा जरिया हैं। रमजान का महीना नेक काम करने और अल्लाह की राह पर चलने का संदेश देता है। रोजा, नमाज और दुआओं के जरिए इंसान खुद को पाक-साफ बनाता है और ढेरों खुशियां और बरकतें हासिल करता है।

# धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं होली की सामूहिक सांस्कृतिक परंपराएं

कौशांबी, (वार्ता)

आधुनिकता की दौड़ में फाल्गुन के पारंपरिक लोकगीत और होली की सामूहिक सांस्कृतिक परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं। अब न ढोलकी की थाप सुनाई देती है, न झांझ-मजीरे की सुमधुर ध्वनि। गांवों की चौपालें, जहां कभी देर रात तक फगुआ गीत गूंजते थे, अब सूनी नजर आती हैं।

फाल्गुन माह की पुरानी परंपराओं को याद करते हुए बुजुर्ग बताते हैं कि बसंत पंचमी के दिन होलिका दहन स्थल पर प्रतीकात्मक रूप से जाल रखा जाता था, जिसमें पांच गोबर के उपले और बेर की कांटेदार डाल शामिल होती थी। इसके बाद पूरे महीने गांव के लोग रोजमर्रा के कामकाज से निवृत्त होकर चौपाल पर इकट्ठा होते और ढोल-मजीरे की थाप पर फगुआ गीत गाते थे। यह सिलसिला फाल्गुन पूर्णिमा तक चलता था और होलिका दहन के बाद भी पखवारे भर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित होते थे। सिराथू क्षेत्र की 105 वर्षीय बुजुर्ग राजकुमारी बताती हैं कि होलिका दहन के दूसरे दिन आसपास के गांवों के लोग गाजा-बाजा के साथ होलिका स्थल पर पहुंचते, राख को सिर-माथे पर लगाते और वहीं से फाग गाते हुए काली माता के स्थान तक जाते थे। इसके बाद फगुआरों की टोली ढोल-मंजीरे के साथ गांव के घर-घर पहुंचती, एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर गले मिलती और सालभर के गिले-शिकवे भुला देती थी। खोया भरी गुझिया खिलाकर खुले मन से उत्सव मनाया जाता था।

इसी क्षेत्र के सौ वर्षीय भूइयां प्रजापति का कहना है कि अब तो पता ही नहीं चलता कि होली कब आई और कब बीत गई। पहले महीने भर फगुआ गीत गूंजते थे, अब नई पीढ़ी मोबाइल पर गाने सुनकर त्योहार मना लेती है। उनका कहना है कि होली हिंदुओं का एक बड़ा पर्व माना जाता था और बाहर रहने वाले लोग भी इस अवसर पर गांव लौटकर परिवार व ग्रामवासियों के साथ उत्सव मनाते थे। एक अन्य बुजुर्ग सत्यनारायण बताते हैं कि 80 के दशक से पूर्व आर्थिक तंगी के बावजूद उत्साह में कोई कमी नहीं थी। किसान सरसों, चना और मटर की फसल बिकने का इंतजार करते और उसी से होली का सामान, बच्चों के लिए नए कपड़े, रंग और पिचकारी खरीदते थे। सीमित संसाधनों के बावजूद भाईचारा और आत्मीयता प्रबल थी।

बुजुर्गों का कहना है कि आज फगुआ गीतों की परंपरा लुप्तप्राय हो गई है और होली के रंगों की जगह कई स्थानों पर शराबखोरी का चलन बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक संबंधों में दूरियां पैदा हो रही हैं। उनके अनुसार आवश्यकता है कि नई पीढ़ी पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाकर होली के वास्तविक संदेश सौहार्द, प्रेम और समरसता को पुनर्जीवित करें।

# ट्रंप का 10 दिन का अल्टीमेटम और मिसाइलों की बारिश अमेरिका-इजरायल ने क्यों किया ईरान पर हमला

नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने 19 फरवरी को ईरान को चेतावनी दी थी कि उसके पास समझौते करने के लिए 10 से 15 दिन हैं। अगर समझौते नहीं किए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप की चेतावनी के 10 दिन की समय सीमा समाप्त होते ही ट्रंप ने ईरान पर हमला कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दिए गए चेतावनी के ठीक 10 दिन के बाद शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान में अमेरिका और इजरायल ने हमला किया। यह हमला ईरान सर्वोच नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के कार्यालय के पास हुआ। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए हमले ने बातचीत के जरिए समाधान की उम्मीदों को धूमिल कर दिया है। ईरान पर हमले से बहुत पहले अमेरिका ने ईरान के चारों तरफ अपनी सैन्य स्थिति मजबूत कर ली थी।

ट्रंप द्वारा तय की गई 10 दिन की समय सीमा जैसे-जैसे समाप्त होने लगी, क्षेत्रीय चिंताएं चरम पर पहुंच गई। रूस, यूरोपीय सरकारों और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सावधानी बरतने को कहा। वहीं, विश्लेषकों ने खुले तौर पर यह अनुमान जताया कि यदि ट्रंप की समय सीमा बिना किसी समझौते के समाप्त हो जाती है तो क्या होगा? ट्रंप द्वारा तय की 10 दिन की समय सीमा समाप्त होते ही ईरान की राजधानी तेहरान में इजारयल और अमेरिका ने हमला करना शुरू कर दिया। इजारायल और अमेरिका ने इसे एक प्रिवेंटिव मिसाइल हमला करार दिया है, जिसे ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को नष्ट करने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया है। गौरतलब है कि 2025 के ईरान-इजराइल युद्ध और ईरान समर्थित समूहों के साथ कई झड़पों के बाद भी तनाव में चल रहे इजराइली नेताओं ने जनवरी में ही ईरान को बार-बार चेतावनी दिया था कि वे उसके परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अनियंत्रित रूप से बढ़ने नहीं देंगे। चेतावनी के बावजूद ईरान संवेदनशील परमाणु और मिसाइल संबंधी गतिविधियां जारी रखे हुए है। बार-बार चेतावनी के बावजूद न मानने के बाद इजरायल-अमेरिका ने शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान पर हमला किया। जिसके बाद से मिडिल ईस्ट में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है।

## हर जगह बम गिरेंगे, आज रात में...; ईरान पर हमले के बाद आई ट्रंप की पहली प्रतिक्रिया

अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का रिएक्शन सामने आया है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, डोनल्ड ट्रंप ने ईरान पर हुए हमले को लेकर बताया, अमेरिका ने ईरान में बड़े लड़ाकू ऑपरेशन शुरू कर दिए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए अमेरिका के ईरान पर किए गए हमले के बारे में जानकारी दी। ट्रंप ने कहा, ईरान पर इस हमले का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों की रक्षा और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन को समाप्त करना है। ट्रंप ने आगे कहा, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के सदस्यों, आर्म्ड फोर्सेज और सभी पुलिसवालों से मैं आज रात कहता हूं कि आपको अपने हथियार डाल देने चाहिए और पूरी इम्यूनिटी लेनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं किया तो आपको मौत का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने वीडियो में कहा, हमारा मकसद ईरानी शासन से होने वाले खतरों को खत्म करके अमेरिका के लोगों की रक्षा करना है। ईरान में बहुत ही सख्त, खतरनाक और भयानक लोगों का ग्रुप है। डोनल्ड ट्रंप ने कहा, इस ग्रुप की खतरनाक गतिविधियां सीधे तौर पर स सैनिकों, लोगों और दुनिया भर में सहयोगियों के लिए खतरा पैदा करती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा, यूएस अपने लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए पक्का इरादा रखता है और ईरान को कभी भी अपने न्यूक्लियर बम नहीं बनाने देगा। ट्रंप ने आगे कहा, हमले ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को खत्म करने के मकसद से किए गए थे, जिसे वे फिर से बनाने की कोशिश कर रहा था।

# किम जोंग की बेटी होगी उत्तर कोरिया की अगली तानाशाह? शूटिंग रेंज में निशाना साधती आई नजर

नई दिल्ली



नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के एक सप्ताह लंबे सम्मेलन के समापन पर देश के शीर्ष अधिकारियों को सम्मानित किया। तानाशाह किम जोंग ने अपनी लीडरशिप का जश्न मनाने के लिए देश के शीर्ष सैन्य और सरकारी अधिकारियों को नई स्नाइपर राइफलें भेंट कर सम्मानित किया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को बताया कि किम ने शुक्रवार को वरिष्ठ पार्टी और सैन्य अधिकारियों को राइफलें भेंट कीं और उन्हें 2021 में हुए पिछले वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के बाद से पिछले पांच वर्षों में उनकी प्रतिबद्धता के लिए अपने पूर्ण विश्वास और कृतज्ञता का प्रतीक बताया।

## निशाना साधते दिखी बेटी

नॉर्थ कोरिया की सरकारी मीडिया ने उनकी बेटी की एक तस्वीर को प्रमुखता से दिखाया है, जिसमें वह शूटिंग रेंज में निशाना साध रही है। उसकी लगातार बढ़ती प्रमुख उपस्थिति से यह अटकलें तेज हो रही हैं कि किम उसे भविष्य की लीडर के तौर पर तैयार कर रहा हैं। तस्वीरों में किम यो जोंग और दूसरे टॉप अधिकारियों को किम जोंग उन की दी हुई राइफलों से एक शूटिंग रेंज में निशाना साधते हुए दिखाया गया। किम की छोटी बेटी, जिसने अपने पिता जैसा ब्राउन लेदर कोट पहना हुआ था, उसे भी बैरल से धुआं उठते हुए हथियार संभालते हुए देखा गया।

## किम जोंग उन की पावरफुल बहन

समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, किम जोंग उन की पावरफुल बहन, किम यो जोंग, जो हाल के सालों में वाशिंगटन और सियोल में उनकी पक्की स्पोक्सपर्सन रही हैं, अब कांग्रेस में प्रमोशन के बाद पार्टी की सेंट्रल कमेटी की जनरल अफेयर्स डायरेक्टर के तौर पर काम करेंगी। ज्ञात हो कि 2016 से हर पांच साल में उत्तर कोरिया के तानाशाह जिस इवेंट के लिए सैन्य अधिकारियों को सम्मानित किया, वह नॉर्थ कोरिया का सबसे अहम पॉलिटिकल इवेंट है, जो 2016 से हर पांच साल में होता है। यह हजारों रों डेलीगेट्स के सामने किम की लीडरशिप की तारीफ के लिए तैयार किया गया तमाशा है। एक सप्ताह भर चले सत्तारूढ़ दल के सम्मेलन के बाद शीर्ष सरकारी और सैन्य अधिकारियों को नई स्नाइपर राइफलें उपहार में दीं।

# महाराष्ट्र की मतदाता सूची में कोई भी बंगलादेशी नागरिक नहीं रहेगा: सोमैया

कोल्हापुर, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने कहा है कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक भी बंगलादेशी नागरिक प्रदेश की वोटर लिस्ट में नहीं रहेगा और राज्य का एक भी नागरिक मतदान सूची से अलग नहीं रहेगा। श्री सोमैया ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर से मिलेंगे और उनसे जानेंगे कि क्या इस इलाके में बंगलादेशी मूल के अवैध निवासी हैं। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य में बंगलादेशियों को तीन लाख जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए है, जिन्हें अब कैंसल कर दिया गया है। नवीन पनवेल में दो महीने में दो हजार जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए और यह बात सामने आई है कि वे जन्म प्रमाण पत्र कोल्हापुर के एक गांव में जारी किए गए थे। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे पर अधिकारियों से मिलूंगा। यह मतदाता सूची को सही कहने की प्रक्रिया है। राज्य के चुनाव क्षेत्र में एक भी बंगलादेशी नागरिक नहीं रहेगा और महाराष्ट्र का एक भी नागरिक वोटिंग के अधिकार से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समय में भ्रष्टाचार कम हुआ है, जबकि उनका भ्रष्टाचार रोधी अभियान अभी भी चल रहा है और भ्रष्टाचार सामने आने पर कार्रवाई की जाती है।

हालांकि, उन्होंने राज्य मंत्री हसन मुश्रीफ के कथित भ्रष्टाचार के आरोपों पर बात करने से परहेज किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य मंत्री नरहरि जिरवाल मामले पर भी टिप्पणी करने से मना कर दिया। श्री सोमैया पहले ही श्री पार्थ पवार के मामले में श्री फडणवीस से मिल चुके हैं, जिन्होंने साफ कर दिया है कि इस मामले में कोई रहम नहीं किया जाएगा और इसीलिए दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और केस दर्ज किया गया है।

# डिग्री सिर्फ एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता : राधाकृष्णन

नयी दिल्ली (वार्ता)



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्नातक की डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि समाज की सेवा, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने और सबसे बढ़कर, राष्ट्र सर्वोपरि के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता है। श्री राधाकृष्णन ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय 104 साल की यात्रा और शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतरता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की शुरुआत मात्र तीन कॉलेजों, दो संकायों, आठ विभागों, उपहार स्वरूप प्राप्त पुस्तकों के एक छोटे से पुस्तकालय और 750 छात्रों से हुई थी। आज इसमें 16 संकाय, 86 विभाग, 90 कॉलेज, 20 छात्रावास, 30 से अधिक केंद्र और संस्थान, 34 पुस्तकालय और छह लाख से अधिक छात्र हैं। उन्होंने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने ऐतिहासिक यात्रा में वाकई एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय को देश के सबसे प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि एक सदी से अधिक समय से इसने ऐसे विद्वानों को पोषित किया है जिन्होंने भारत के बौद्धिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक जीवन का नेतृत्व किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अब उन प्रतिभाशाली पूर्व छात्रों की परंपरा में शामिल हो रहे हैं जिन्होंने न केवल भारत बल्कि विश्व को भी आकार दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लगातार हो रहे सुधार पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय लगातार चार वर्षों से क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर बना हुआ है।

उपराष्टपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, यह एक अंत और एक नई शुरुआत दोनों का प्रतीक है। यह वर्षों के अध्ययन, अनुशासन, मित्रता, परीक्षाओं और आत्म-खोज का उत्सव है, साथ ही स्नातकों के लिए एक व्यापक क्षेत्र, यानी उत्तरदायित्व के क्षेत्र में औपचारिक प्रवेश का संकेत भी है।

उन्होंने कहा कि स्नातक एक ऐसे संसार में कदम रख रहे हैं जो परिवर्तन से गुजर रहा है। प्रौद्योगिकी उद्योगों को नया रूप दे रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्य की प्रकृति को पुनर्परिभाषित कर रही है, जलवायु परिवर्तन विकास के प्रतिमानों को चुनौती दे रहा है और विश्व भर में लोकतंत्र की परीक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे संसार में, डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता है, समाज की सेवा करने की प्रतिबद्धता, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने की प्रतिबद्धता, केवल अपने लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के कल्याण के लिए जीने की प्रतिबद्धता, और सबसे बढ़कर, राष्ट्र सर्वोपरि के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दूरदृष्टि में भारत ने आत्मनिर्भर भारत बनने और 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करने की आकांक्षा व्यक्त की है, जब देश अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मनिर्भरता का अर्थ है नवाचार, उत्पादन, अनुसंधान और भारतीय परिस्थितियों पर आधारित समाधानों को विकसित करने की क्षमता, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हों। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अर्थ है समावेशी विकास, तकनीकी नेतृत्व, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण स्थिरता और पारदर्शी एवं जवाबदेह संस्थाएँ। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास अंतिम नागरिक तक पहुँचे और अवसर सभी के लिए एक वादा बन जाए। उपराष्टपति ने कहा कि यहाँ से डिग्री हासिल करने वाले चाहे वैज्ञानिक बनें, सिविल सेवक, उद्यमी, कलाकार, वकील, शिक्षक या फिर नवप्रवर्तक बनें।

# ईरान, इजराइल स्थित भारतीय दूतावासों ने जारी किये इमरजेंसी नंबर

नयी दिल्ली, (वार्ता)

ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर ईरान और इजराइल स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को बेहद सावधानी बरतने की सलाह दी है और आपात स्थिति में संपर्क के लिए फोन नंबर जारी किये हैं।

ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास की एडवाइजरी में कहा गया है, बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है।

एडवाइजरी में खबरों पर नजर रखते हुए स्थिति के बारे में अपडेट रखने और दूतावास की ओर से अगले आदेश की प्रतीक्षा करने की भी सलाह दी गयी है। आपात स्थिति में 989128109115, 989128109109, 989128109102 और 989932179359 पर संपर्क करने के लिए कहा गया है। इजरायल के तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र की मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इजरायल में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को बेहद सावधानी बरतने और हमेशा सजग रहने की सलाह दी है। उनसे स्थानीय सरकार के निर्देशों का पालन करने तथा चिह्नित शरणस्थलों के पास रहने के लिए कहा गया है।

दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिकों को अगले नोटिस तक इजरायल के भीतर किसी भी तरह की गैर-जरूरी यात्रा से बचना चाहिये। उनसे स्थानीय समाचारों, आधिकारिक घोषणाओं और आपात अलर्ट पर नजर रखने के लिए कहा गया है।

किसी भी आपात स्थिति के लिए दो हेल्पलाइन नंबर 972-54-7520711 और 972-54-2428378 जारी किये गये हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन





# मृणाल ठाकुर और अड़ीवी शेष ने 'डकैत' के प्रमोशन की शुरुआत से पहले तिरुपति में लिया आशीर्वाद

मृणाल ठाकुर और अड़ीवी शेष की बहुप्रतीक्षित फिल्म डकैत, जो अप्रैल में रिलीज़ होने वाली है, उसके प्रमोशन की शुरुआत एक आध्यात्मिक अंदाज़ में हुई। दोनों कलाकारों ने फिल्म के प्रचार अभियान की शुरुआत से पहले तिरुपति बालाजी मंदिर जाकर आशीर्वाद लिया।

फिल्म का पहला गाना रूबरू कल शाम रिलीज़ हुआ, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। गाने की रिलीज़ के तुरंत बाद मृणाल और शेष तिरुपति पहुंचे, ताकि फिल्म के प्रमोशन की शुरुआत एक खास और अर्थपूर्ण तरीके से की जा सके। यह दौरा आभार और आस्था के भाव के साथ फिल्म की यात्रा शुरू करने का एक सोच-समझकर लिया गया फैसला था। पारंपरिक कपड़ों में सजे दोनों कलाकारों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और आने वाले व्यस्त प्रमोशनल दौर से पहले एक शांत पल बिताया। फिल्म अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी ।दोनों कलाकारों के लिए इस नई शुरुआत को तिरुपति से शुरू करना बेहद खास और निजी अनुभव था। अड़ीवी शेष ने कहा, हर फिल्म एक विश्वास की छलांग होती है। हम कई सालों की मेहनत किसी प्रोजेक्ट में लगाते हैं और फिर उसे दर्शकों के हाथों में सौंप देते हैं। तिरुपति से इस यात्रा की शुरुआत करना सही लगा। प्रमोशन की भागदौड़ शुरू करने से पहले आभार जताना और आशीर्वाद लेना हमारे लिए बहुत ज़रूरी था। अप्रैल में रिलीज़ होने वाली डकैत मृणाल ठाकुर और अड़ीवी शेष की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी है। फिल्म के पहले रोमांटिक गाने को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ दर्शकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है।

# थिएटरों में सन्नाटा! केरल में द केरल स्टोरी 2 की शुरुआत रही फीकी, क्या दर्शकों ने फेर लिया है मुँह



विवादों और चर्चाओं के बीच 27 फरवरी 2026 को रिलीज हुई फिल्म द केरल स्टोरी 2= गोज बियॉन्ड को केरल में दर्शकों का साथ नहीं मिल पा रहा है। फिल्म के पहले दिन का प्रदर्शन उम्मीद से काफी कम रहा और कई थिएटरों में दर्शक न होने के कारण शो तक रद्द करने पड़े। दूसरे दिन की एडवांस बुकिंग भी लिमिटेड रही है।

तिरुवनंतपुरम में, लुलु मॉल, मॉल ऑफ़ त्रावणकोर, एरीज़ और ग्रीनफ़ील्ड सिनेमा में शो तय किए गए हैं। अभी की बुकिंग के हिसाब से, लुलु मॉल में लगभग 25 टिकट बिके, जबकि एरीज़ में दोपहर 2.45 बजे के शो के लिए पाँच बुकिंग थीं। उम्मीद है कि अगर बुकिंग कम से कम 10 टिकट तक पहुँचती है तो थिएटर मैनेजमेंट शो चलाएगा।

कामाख्या नारायण सिंह द्वारा डायरेक्टेड और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा प्रोड्यूस की गई, द केरल स्टोरी 2 इस दावे पर केंद्रित है कि युवा हिंदू लड़कियों को दूसरे धर्म की शादियों में बहला-फुसलाकर फंसाया जाता है, बाद में उनके साथ गलत व्यवहार और ज़बरदस्ती धर्म बदलने का सामना करना पड़ता है। फ़िल्म ने अपने ट्रेलर के रिलीज़ होने के बाद ध्यान खींचा और विवाद खड़ा किया।

फिल्म के ट्रेलर में भारत के अलग-अलग हिस्सों की तीन हिंदू महिलाओं की कहानी दिखाई गई है, जो अपने परिवार की मर्ज़ी के खिलाफ मुस्लिम पुरुषों से शादी करने का फैसला करती हैं।

कहानी शादी के बाद उनकी ज़िंदगी को दिखाती है, जिसमें इमोशनल अकेलापन और मुश्किल रिश्तों को दिखाया गया है। फिल्म खुद को एक चेतावनी देने वाली कहानी के तौर पर दिखाती है, खासकर जवान महिलाओं के लिए, यह बताती है कि अलग-अलग धर्मों के रोमांटिक रिश्तों से पहचान और आज़ादी खत्म हो सकती है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा नजर आ रही हैं। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म को लेकर काफी विवाद और तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं, लेकिन थिएटरों में यह चर्चा भीड़ में तब्दील नहीं हो पाई है।

जहां फिल्म का पहला भाग बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल रहा था, वहीं पार्ट 2 को लेकर दर्शकों की उदासीनता ने विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। राजनीतिक गलियारों और सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर भारी बहस जारी है, लेकिन जमीनी स्तर पर केरल के सिनेमाघरों के बाहर सन्नाटा पसरा हुआ है।

# गोरिल्लाज़ का नया एल्बम 'द माउंटेन' रिलीज़, 15 में से 06 गानों में अनुष्का शंकर की खास मौजूदगी



ब्रिटिश बैंड गोरिल्लाज़ का नया एल्बम 'द माउंटेन' रिलीज़ हो गया है, जिसमें भारत और विदेश के कई बड़े कलाकार एक साथ नजर आ रहे हैं। एल्बम में कुल 15 गाने हैं। इनमें भारत की मशहूर गायिका आशा भोंसले, सितार वादक अनुष्का शंकर, आशा पुथली, अमान अली बंगश और अयान अली बंगश जैसे कलाकार शामिल हैं। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी इसमें काम किया है। इस एल्बम की सबसे खास बात यह है कि अनुष्का शंकर 15 में से 06 गानों में नजर आती हैं। उन्होंने अपनी सितार से इन गानों को खास रंग दिया है। जिन गानों में वह शामिल हैं, उनके नाम हैं – द माउंटेन, ऑरेंज काउंटी, द एम्प्टी ड्रीम मशीन, द प्लास्टिक गुरु, द स्वीट प्रिंस और द सैड गॉड। अनुष्का शंकर ने बताया कि जब वह स्टूडियो में आईं तो बैंड ने उन्हें खुलकर काम करने का मौका दिया। पहले एक-दो गानों में सितार जोड़ी गई, फिर उनका अंदाज़ पसंद आने पर और गानों में भी उन्हें शामिल किया गया। दो दिन के सेशन के बाद उन्हें छह या सात गानों में जगह मिली ।उन्होंने कहा कि फ्यूज़न म्यूज़िक पहले भी होता रहा है, लेकिन इतने बड़े बैंड के साथ इस तरह का मौका कम ही मिलता है। उनके मुताबिक, यह एक खास पल है, जब लोग भारतीय साज़ और धुनों को नए अंदाज़ में सुन पाएंगे।

कुल मिलाकर, 'द माउंटेन' एक ऐसा एल्बम है जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का अच्छा मेल देखने को मिलता है, और अनुष्का शंकर की भूमिका इसमें बेहद अहम है।

# अक्षय कुमार के साथ अक्षरा सिंह का फोटो हुआ वायरल

भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह और बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अक्षरा सिंह एक बार फिर से सुर्खियाँ बटोर रही हैं और इस बार वजह है बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार के साथ उनकी खास तस्वीर। अक्षरा ने खुद अपने इंस्टाग्राम हैंडल से फोटो शेयर करते हुए लिखा, व्हेन खिलाड़ी मीट्स मृगनयनी और कहानी अभी बाकी है, सरप्राइज लोडिंग अक्षय कुमार सर... इसके बाद सोशल मीडिया पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया ।तस्वीर में अक्षरा ब्लू कलर की स्टाइलिश ड्रेस में नजर आ रही हैं, जबकि अक्षय कुमार ग्रीन शर्ट और कैप में दिखाई दे रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री और स्माइल ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है। क्या यह किसी फिल्म का इशारा है? या फिर कोई म्यूजिक वीडियो? या फिर बड़ा ब्रांड कोलैब? अक्षरा ने सस्पेंस बरकरार रखा है।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 जिले में समृद्ध किसान आत्मनिर्भर कृषि की ओर निर्णायक पहल

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले की पहचान एक कृषि प्रधान एवं समृद्ध कृषक परंपरा वाले जिले के रूप में रही है, एशिया की सबसे उपजाउ भूमि कलमेटाहार नरसिंहपुर में है, इसलिए यहां की उर्वरा भूमि और मेहनतकश किसान प्रदेश की अन्न उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जिले में वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों की आय में सतत वृद्धि, खेती को अधिक लाभकारी एवं आधुनिक बनाने तथा सिंचाई, ई-विकास प्रणाली, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती एवं पशुपालन को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापक एवं प्रभावी कार्ययोजना लागू की गई है, जिससे जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

**जिले में दिया जा रहा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा**-कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले में 25 कलस?टर में 125 कृषक प्रति क्लस्टर इस प्रकार कुल 3 हजार 125 कृषकों को एमपी किसान पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। जिले में 1250 हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती की जा रही है, जिसमें गेंहू लगभग 55 हेक्टर, चना 275 हेक्टर, मसूर 248 हेक्टर, गन्ना 150 हेक्टर, अलसी 15 हेक्टर, सरसों 257 हेक्टर, मटर 65 हेक्टर, अरहर 60 हेक्ट और 125 हेक्टर में साग-भाजी की फसल ली जा रही है। खेत तालाब निर्माण, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाएं तथा बलराम तालाब योजना के माध्यम से सिंचाई क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। खेत तालाब निर्माण से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। माइक्रो इरीगेशन (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर) को बढ़ावा देने हेतु इस वर्ष 2025-26 में 893 ड्रिप/स्प्रिकंलर/मिनी स्प्रिकंलर की स्वीकृति दी गई है। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 498 प्रकरण तैयार किये गये है। जल की बचत और उत्पादन वृद्धि दोनों सुनिश्चित किए जा रहे हैं। तालाब गहरीकरण एवं नई संरचनाओं से वर्षभर सिंचाई सुविधा का मार्ग प्रशस्त होगा।



**उद्यानिकी और पशुपालन से आय के नए द्वार**-उद्यानिकी विभाग द्वारा फल एवं सब्जी क्षेत्र विस्तार, पॉलीहाउस निर्माण जैसी योजनाओं से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिल रहे हैं। पशुपालन विभाग द्वारा बकरी इकाई, समग्र मुर्गी पालन जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है। वर्ष 2025- 26 में 18 हजार किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड जारी किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत व्यापक लक्ष्य निर्धारित कर किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों और नई तकनीकों का उपयोग संभव हो रहा है, जिससे लागत में कमी और लाभ में वृद्धि सुनिश्चित हो रही है। वर्ष 2025-26 में 18 हजार किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड जारी किये गये है।

**जैविक खेती और आधुनिक तकनीक का समन्वय**-जैविक खेती के अंतर्गत किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, उन्नत बीज एवं आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिल रहा है।

**किसानों की समृद्धि की दिशा में निर्णायक वर्ष**-कृषक कल्याण वर्ष- 2026 केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि किसानों के सर्वांगीण विकास की ठोस कार्ययोजना है। विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से खेती को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं आधुनिक बनाया जा रहा है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह वर्ष निश्चित रूप से जिले के किसानों के लिए प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय सिद्ध होगा।



## वरिष्ठ नागरिकों के लिए समग्र कल्याण शिविर का आयोजन किया गया

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में आयुष और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग नरसिंहपुर द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत 12 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक वरिष्ठजनों के लिए समग्र कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर तहसील गोटेगांव स्थित वृद्ध आश्रम झौंतेश्वर तथा तहसील करेली के बरमान कला में स्थित आनंदधाम तपोभूमि वृद्धाश्रम आयोजित किए गए। शिविर के दौरान वरिष्ठजनों के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमित योगाभ्यास, गतिज (शारीरिक) क्रियाकलाप एवं मानसिक कौशल सुधार संबंधी सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों द्वारा वरिष्ठजनों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। वरिष्ठजनों को नियमित योग एवं ध्यान को दिनचर्या में शामिल करने, संतुलित आहार- विहार अपनाने तथा सकारात्मक जीवनशैली के माध्यम से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। समग्र कल्याण शिविर के माध्यम से वरिष्ठजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास किया गया।

## जिले में प्राकृतिक खेती को किया जा रहा प्रोत्साहित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी के निर्देशन में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत जिले के सभी 6 विकासखण्डों में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के तहत क्लस्टर बनाकर जिले में अब तक 3 हजार 125 किसानों ने पंजीयन किया है। साथ ही करीब एक हजार 250 हेक्टर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती की जा रही है। प्रत्येक क्लस्टर में 2 कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया गया है, जो ग्राम पंचायत स्तर पर कृषकों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न तरीकों, जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशक बनाने की विधि संबंधी प्रशिक्षण दे रही हैं। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को जीवामृत सहित अन्य प्राकृतिक घटकों के निर्माण एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। वर्तमान रबी मौसम में किसानों द्वारा गेहूं, चना, मसूर, सरसों, गन्ना एवं सब्जी की फसल प्राकृतिक पद्धति से ली जा रही है। फसलों में गोबर एवं गौमूत्र से निर्मित जीवामृत, बीजामृत आदि का उपयोग कर शून्य बजट आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाया जा रहा है, जिससे उत्पादन लागत में कमी और आय में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

## मूंग के विकल्प के रूप में उड़द की खेती को बढ़ावा देने किसानों को किया प्रेरित

### ग्राम इमलिया में किसानों को दी शासन की योजनाओं की जानकारी

**नरसिंहपुर स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने विकासखंड गोटेगांव अंतर्गत ग्राम इमलिया के किसानों को मूंग के विकल्प के रूप में उड़द की खेती को बढ़ावा दिया गया। साथ ही किसानों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम इमलिया के कृषक श्री आशीष सिंह पटेल, श्री संदीप पटेल व श्री धर्मेन्द्र पटेल ने अपने एक- एक हेक्टर क्षेत्र में उड़द की बोनी की है। उन्होंने बताया कि मूंग की फसल एक एकड़ में 4 से 5 क्विंटल उत्पादन होता है, जबकि उड़द की फसल 8 से 10 क्विंटल उत्पादन होता है। मूंग फसल में लगभग 5 से 6 बार कीटनाशक दवा का छिड़काव करना पड़ता है, जबकि उड़द की फसल में 2 से 3 बार ही दवा का छिड़काव किया जाता है। मूंग की जगह उड़द फसल में कम पानी की आवश्यकता होती है। उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने किसानों से अपील की गई है कि वे मूंग फसल की जगह उड़द की फसल की बुवाई करें। राज्य सरकार अब किसानों को उड़द के उत्पादन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगी। ग्रीष्मकालीन उड़द की फसल पर किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इस निर्णय से दलहन उत्पादन बढ़ेगा।




## एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 1 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई गरिमामयी विदाई

सिंगरौली।

एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 28.02.2026 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 01 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं ः- श्री राजकुमार गोड़, अभियंता एसएलपीएस (प्रचालन)। सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के प्रांगण मे पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी का सम्मान परियोजना के प्रशासनिक भवन के भू-तल सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए जे राजकुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए जे राजकुमार नें भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी का परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्रीफल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री राजकुमार गोड़ ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और एनटीपीसी के साथ बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे सदैव इसके आभारी रहेंगे।



उन्होंने अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण, संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। समारोह का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया जाएगा होलिका दहन

### गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा

### स्वच्छ और स्वस्थ होली अभियान के निर्देश जारी

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य शासन ने आगामी होली पर्व को पर्यावरण हितैषी तरीके से मनाने का निर्णय लेते हुए सभी जिलों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशानुसार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गो-काष्ठ का उपयोग किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलें, पानी की बचत करें तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालें।

राज्य शासन ने सभी जिलों में आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, पंचायत एवं नगरीय निकायों के माध्यम से किया जाएगा।

पंजीयन के समय आयोजक संस्था की आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की जाएगी। निर्देशों के तहत संबंधित अधिकारी होलिका दहन कार्यक्रमों का स्थल पर निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि आयोजन पूर्णतः गो-काष्ठ आधारित हो। आयोजन के दो-तीन दिवस के भीतर संबंधित अधिकारी प्रमाणित प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को प्रस्तुत करेंगे। राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी दिनों में जिला स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की ओर से पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। भविष्य में भी ऐसी संस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहन एवं सहयोग दिया जाएगा। शासन ने 'स्वच्छ और स्वस्थ होली' अभियान को व्यापक रूप से प्रचारित-प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं।

समस्त जिला कलेक्टरों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा संभागायुक्तों को इसकी निगरानी करने के लिए कहा गया है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता एवं पारंपरिक मूल्यों के साथ सुरक्षित एवं स्वच्छ होली का आयोजन सुनिश्चित करना है।

## भाजपा नगर मंडल द्वारा राशि संचय अभियान



### इसी राशि से सालभर भाजपा कार्यक्रमों का संचालन करती हैं

करेली।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक के मार्गदर्शन में अभियान के जिला संयोजक सुरेंद्र मोहन नेमा के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आजीवन सहयोग निधि संचय अभियान चल रहा है। जिसके अंतर्गत करेली नगर के विभिन्न स्थानों पर जाकर देवतुल्य कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी, समाजसेवी, सहयोगियों के द्वारा राशि संकलन अभियान जारी है। जिसमें सभी के द्वारा संकलन एकत्रीकरण किया जा रहा है। आजीवन निधि के करेली नगर संयोजक सौरभ जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष भाजपा परिवार के सदस्यों द्वारा राशि एकत्रित की जाती है। इसी राशि से सालभर भाजपा कार्यक्रमो का संचालन करती हैं। अभियान मे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, महामंत्री कृपाल सिंह सोहल, प्रवक्ता अमित जैन संजय, उपाध्यक्ष भारत भसीन, आशुतोष नेमा, सह प्रभारी क?ष्ण कुमार अग्रवाल, सावन साहनी, राकेश सोनी, कालूराम सोनी, राकेश बडकुर , नितिन ठाकुर ,गनेश पटैल शिवम दुबे द्वारा संचय अभियान जारी है।

## शेष किसान 7 मार्च के पूर्व अपना पंजीयन कराएं

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** रबी विपणन वर्ष 2026- 27 अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य जिले में 7 मार्च तक सतत जारी है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए ई- उपार्जन पोर्टल पर 27 फरवरी तक जिले के 12 हजार 636 किसानों ने अपना ऑनलाइन पंजीयन कराया है। शेष किसानों को 7 मार्च के पूर्व अपना पंजीयन कराने के लिए कहा है, ताकि उन्हें समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय का लाभ प्राप्त हो सके। समयावधि पर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के लिए जिले की सभी पंजीयन केन्द्र समितियों, सहकारिता, कृषि, खाद्य एवं राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारियों से कहा है। इसके अलावा पंजीयन संबंधी व्यापक प्रचार- प्रसार भी किया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में किसान पंजीयन के लिए 67 सहकारी समितियों के पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इसके अलावा किसान स्वयं अपने मोबाइल में किसान एप के माध्यम से भी पंजीयन कर सकते हैं। साथ ही एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर से भी 50 रुपये का शुल्क देकर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## एनटीपीसी गाडरवारा ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

एनटीपीसी गाडरवारा के सीएसआर के अंतर्गत जीवन ज्योति हॉस्पिटल के सहयोग से सभी सात परियोजना प्रभावित ग्रामों गांगई, घाटपिपरिया, कुडारी, डोंगरगांव, चोरबरहटा, उमरिया एवं मेहराखेड़ा में दिनांक 23.01.2026 से 25.02.2026 तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा सामान्य एवं विशेष स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान एवं समयोचित उपचार सुनिश्चित करना था। इस पहल के माध्यम से ग्रामीणों को उनके ही गांव में विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएँ प्रदान की गईं, जिससे उन्हें दूरस्थ अस्पतालों तक जाने की आवश्यकता कम हुई। प्रत्येक ग्राम में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। लाभान्वित व्यक्तियों का विवरण इस प्रकार है- गंगई ङ्क 260 हितग्राही,घाटपिपरिया 155 हितग्राही, कुदारी 190 हितग्राही, डोंगरगांव 102 हितग्राही, चोरबरहटा 120 हितग्राही, उमरिया 112 हितग्राही, मेहराखेड़ा 105 हितग्राही। इस प्रकार कुल 1,044 ग्रामीणों ने इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लाभ प्राप्त किया। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप एवं शुगर जांच, महिला एवं बाल स्वास्थ्य परामर्श, तथा निःशुल्क दवा वितरण की सुविधा प्रदान की गई। गंभीर रोगों के मामलों में आगे की जांच एवं उपचार हेतु उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। ग्रामीणों ने एनटीपीसी गाडरवारा की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह अभियान क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामुदायिक कल्याण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम हेतु राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर कार्यशाला सम्पन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)

पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के सहयोग से मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कटनी द्वारा 27 फरवरी को होटल टीजीएस में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों एवं विषय-विशेषज्ञों को मंचासीन कर पुष्पगुच्छों से स्वागत एमपीएसएसआईओ के कार्यालय सचिव अनिल कुमार चतुर्वेदी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ ने किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सुबोध कुमार जैन, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश लघु उद्योग संघ द्वारा दिया गया। इसके पश्चात् स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कटनी के क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी तथा जिला उद्योग केंद्र, कटनी की महाप्रबंधक ज्योति सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम





उद्यम उद्यमियों से इस योजना पर गंभीर ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि



एनपीएस कर्मचारियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है और उद्यमों को दीर्घकालिक स्थायित्व एवं प्रतिस्पर्धात्मकता देता है। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की रूपरेखा एवं उद्यमों के लिए इसके लाभों पर विस्तृत प्रस्तुति आर. डी. बकले, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर क्षेत्र द्वारा दी गई। उन्होंने कर लाभ, लचीला निवेश ढांचा, पारदर्शी संचालन तथा सेवानिवृत्ति के बाद नियमित पेंशन जैसी सुविधाओं को विस्तार से समझाया। इसके पश्चात् बृजेश साहू, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, कटनी मुख्य शाखा ने भी उद्यमियों को संबोधित किया। कार्यशाला में प्रश्नोत्तर एवं फीडबैक सत्र आयोजित हुआ, जिसमें 50 से अधिक एमएसएई उद्यमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संघ के पदाधिकारियों ने भी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए एनपीएस को श्रमिक कल्याण और व्यवसायिक विकास हेतु एक रणनीतिक निवेश के रूप में अपनाने का संदेश दिया। समापन वक्तव्य, धन्यवाद ज्ञापन एवं उच्च चाय के लिए आमंत्रण आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, कटनी द्वारा दिया गया।

# बेलगाम ट्रक ने ली 19 वर्षीय युवक की जान

## निवार रोड पर दर्दनाक हादसा

कटनी (स्वतंत्रमत)

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जरवाही छैघरा निवार रोड पर बीती शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने घर लौट रहे एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। निवार पुलिस चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा के अनुसार, मृतक की पहचान राममिलन कुशवाहा 19 वर्ष, पिता संजय कुशवाहा के रूप में हुई है। राममिलन ग्राम जरवाही का निवासी था। शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे जब वह घर वापस जा रहा था इसी दौरान जरवाही छैघरा निवार रोड पर सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे



सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को संभाला। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)की धारा 281 और 106 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है और आरोपी ट्रक चालक की तलाश जारी है।

# नगर निगम की सख्ती 15 दुकानदारों को नोटिस

## बकाया किराया जमा न करने पर लीज निरस्तीकरण की चेतावनी

कटनी (स्वतंत्रमत)

वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व राजस्व वसूली में तेजी लाते हुए नगर पालिक निगम ने बिलैया तलैया स्थित निगम स्वामित्व की दुकानों के 15 आवंटियों को बकाया किराया जमा करने हेतु सूचना पत्र जारी किए हैं। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा जारी नोटिस में तीन दिवस के भीतर बकाया राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर संबंधित दुकानों की लीज निरस्तीकरण की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। निगम प्रशासन ने आवंटियों से शीघ्र भुगतान कर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई से बचने की अपील की है।



# पुलिस अधीक्षक ने थाना रीठी का किया निरीक्षण

## व्यवस्थाओं की सख्त समीक्षा, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा के निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने शुक्रवार दोपहर थाना रीठी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पूरे थाना परिसर का बारीकी से अवलोकन कर साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य प्रशासनिक प्रबंधों की विस्तृत जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। जनता की शिकायतों का संवेदनशीलता व पारदर्शिता के साथ त्वरित निराकरण किया जाए। थाने में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं कार्यप्रणाली सुचारू रखी जाए। हवालात की साफ-सफाई, सुरक्षा और बंदियों के उचित



रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और जिम्मेदार कार्यशैली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने, जनता से विनम्र व्यवहार रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

### दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण

थाना रीठी क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट डांग चौराहा एवं जमुनिया मोड़ का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को रंबल स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, आवश्यक साइनेज तथा सड़क किनारे पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# महापौर ने दिया दायित्वों के प्रभावी निर्वहन का अनूठा उदाहरण

## बिरसा मुंडा वार्ड की जनसमस्या पर लिया त्वरित एक्शन, मौके पर पहुंचकर दिलाया राहत का भरोसा

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर निगम कटनी द्वारा नागरिक समस्याओं के समाधान हेतु जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासनिक कार्यप्रणाली का परिचय दिया जा रहा है। बिरसा मुंडा वार्ड अंतर्गत पन्ना मोड़ के समीप स्थित चमड़ा गोदाम रोड पर व्याप्त अव्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त होते ही महापौर प्रीति संजीव सूरी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जय नारायण निषाद, समाजसेवी तुलाराम गोटिया, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, स्वच्छता निरीक्षक निशांत कनौजिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित नागरिकों की मौजूदगी रही। क्षेत्रवासियों द्वारा



अवगत कराया गया कि नाली का दूषित पानी सड़क पर बहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही जर्जर सड़क, अवरुद्ध नालियां एवं अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के कारण दुर्घटना की संभावनाएं बनी हुई थीं। समस्या की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए महापौर ने संबंधित एमआईसी सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति पुनः निर्मित न हो, इसके लिए स्थायी समाधान की कार्ययोजना तैयार की जाए। निर्देशानुसार जेसीबी मशीन के माध्यम से नाले की सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया, जिससे सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित हुई। साथ ही केडीसी से लेकर चमड़ा गोदाम रोड तक संपूर्ण मार्ग का निरीक्षण कर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने एवं आवश्यकतानुसार नई लाइटें स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने कहा कि निगम प्रशासन का दायित्व केवल समस्या का निराकरण करना ही नहीं, बल्कि समयबद्ध एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करना भी है। हर वार्ड, समान विकास की भावना के साथ सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता में शामिल है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कटनी की प्रमुख जन गोष्ठी संपन्न

**जो अपने को भारत देश का नागरिक मानते हैं तथा भारतीय संस्कृति को मानते है वही हिंदू है, हम सब भारत माता के पुत्रः सुनील कुलकर्णी**

कटनी (स्वतंत्रमत)

जो इस देश में जन्मा है, भारत माता को जो अपनी माता मानता है, भारतीय संस्कृति को मानता है वह हिंदू है, उनकी उपासना पद्धति कोई भी हो लेकिन जो अपने को देश के नागरिक मानते हैं, देश का पुत्र मानते हैं वे हिंदू हैं। संघ अपनी स्थापना काल से उपेक्षा और विरोध इन अवस्थाओंसे निकलकर अब स्वीकार की और बढ़ा है। हम सब भारत माता के पुत्र हैं, पृथ्वी के पुत्र हैं, वसुधैव कुटुंबकम् का हमारा नारा है, हम इस देश के नागरिक हैं इस नाते से हमको महाशक्ति नहीं भारत को विश्वगुरु बनाना है, यही हमारा लक्ष्य है उक्ताशय के उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में आयोजित हो रही प्रमुख जन गोष्ठी




की श्रृंखला में आज कटनी में आयोजित गोष्ठी में अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील जी कुलकर्णी ने मुख्य वक्ता की आसंदी से व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी दीपिका शर्मा ने मातृ शक्ति को राष्ट्र कार्य में सहभागी होने का आह्वान किया। आपने कहा कि मातृ शक्ति संस्कारित रहती है तो घर का प्रत्येक सदस्य संस्कारित रहता है, मातृ शक्ति घर की पहली शिक्षिका है, घर परिवार से ऊपर उठकर हमे समाज और राष्ट्र के बारे में सोचना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर आयोजित हो रही प्रमुख जन गोष्ठी में मंच पर मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के साथ मंच पर विभागसंघचालक विपिन तिवारी एवं जिला संघचालक डॉ अमित साहू भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला कार्यवाह संजय त्रिपाठी ने रखी और संचालन तथा आभार भगवान दास सिंह राठौड़ ने किया। विभाग कार्यवाह अमित कनकने एवं जिला प्रचारक चंदन सहित कार्यक्रम में कटनी जिले के विभिन्न सामाजिक व्यावसायिक एवं प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों तथा मातृशक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज कटनी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर 23 फरवरी से 01 मार्च तक के लिए ग्राम छहरी में आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्ढा की अध्यक्षता में एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया तथा उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्ढा, ग्राम सरपंच रामकली चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम सचिव छोटे लाल यादव यादव, सहायक सचिव पंकज उरमलिया, शाला प्राध्यापिका




दीपमाला चौधरी, सुचित कोल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोजनी परिहार, सहायक प्राध्यापिका शक्ति तिवारी रहे। शिविर उद्घाटन कार्यक्रम में कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अधिकारी डॉ. आर.आर. एस. परिहार ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए (एनएसएस) राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में जानकारी प्रदान की तथा (एनएसएस) राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम समाज तथा ग्रामवासियों को किस प्रकार जागरूक कर सकते हैं इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये तथा साप्ताहिक दिनचर्या की जानकारी प्रदान की। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहायक प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र वर्मा द्वारा किया गया। समापन अवसर पर चड्ढा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्ढा, महाविद्यालय उप-प्राचार्य डॉ. राजीव खत्री, कला विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति छिरौल्या, वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरकारी, कम्प्यूटर एवं विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष आराधना अग्रहरि, विधि विभाग प्राचार्य डॉ. गोपाल उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक रीतेश निगम, अतुल जैन, महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अधिकारी डॉ. आर.आर.एस. परिहार, सहायक प्राध्यापक पंकज सेक्सरिया, समीप श्रीवास्तव, रवि यादव, सहायक प्राध्यापक मुकेश गुप्ता, गगन गुप्ता, सहायक प्राध्यापक शैलेज तिवारी, पवन केवट, प्रदीप श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा अन्य सहायक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति रही।

# 68 लड़कियों की शादी में समग्री देकर किया सहयोग





कटनी (स्वतंत्रमत)

महिला बाल विकास एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विगत 30वर्षों से निरन्तर समाज सेवा एवं पीड़ित मानवता के लिए राहत कार्य किए जा रहे हैं इसी श्रृंखला में विगत दिवस फिर सुदर्शना परिवार ने अमाडी गांव निवासी आर्थिक रूप से कमजोर एक और पिता के आवेदन पर उसकी बेटी की शादी में अपना सहयोग प्रदान किया नगद राशि के साथ ही कपड़े, बर्तन, डिनर सेट, श्रृंगार सामग्री, कम्बल, चादर, सूटकेस आदि सामान भेंट कर आशीर्वाद दिया। विशेष सहयोग मीरा भार्गव, मीना खंडेलवाल, सुशीला शर्मा, आशा कोहली, आशु सुहाने, नीलू शुक्ला, अंजली सोनी, दीपाली गुप्ता, तनु गुप्ता, शोभा राय, श्वेता मालवीय, कविता कनकने, चित्रा प्रभात, अलका अग्रवाल, रजनी कनकने, आरती शिवहरे, आरती चौबे, शालिनी सोनी एवं कुछ बहनों द्वारा गुप्त दान दिया गया। सुदर्शना परिवार द्वारा विगत वर्षों से ये कार्य किया जा रहा है इसके पूर्व 68 लड़कियों की शादी में इसी प्रकार सहयोग दिया जा चुका है 69 वीं कन्या है जिसके लिए आगे बढ़कर उदार मना सुदर्शनाओं ने अपने हाथ बढ़ाकर एक कन्या को आशीर्वाद दिया। ईश्वर से प्रार्थना सुदर्शना आगे भी इसी प्रकार जरूरत मंडो का सहयोग करती रहे।

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास: पहली बार बना रणजी चैंपियन

हुबली (वार्ता)

जम्मू-कश्मीर की टीम ने आज नया इतिहास रच दिया। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नये रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2.10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गये। अपना पहला फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी। लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल नाबाद 160 और साहिल लूथरा ने नाबाद 101 रन बनाये।



## कोई स्टार कल्चर नहीं, सिर्फ़ टीम का विश्वासः शर्मा

टीम में कोई स्टार कल्चर नहीं है। यही आसान सोच जम्मू और कश्मीर के रणजी ट्रॉफी फाइनल तक के ऐतिहासिक प्रदर्शन की नींव बनी, जिसने क्रिकेटरों के एक युवा ग्रुप को भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे प्रेरणा देने वाली अंडरडॉग सफलता की कहानियों में से एक बना दिया। जहां कई टीमें अकेले मैच जीतने वालों पर भरोसा करती हैं, वहीं जम्मू और कश्मीर ने अपना कैंपेन एकता, अनुशासन और रोल-बेस्ड परफॉर्मेंस पर बनाया। हेड कोच अजय शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को रेप्युटेशन या फ्रेंचाइजी क्रिकेट की शोहरत के बजाय कंसिस्टेंसी, स्वभाव और मैच अवेयरनेस के आधार पर चुना और तैयार किया गया। इस तरीके का बहुत फ़ायदा हुआ क्योंकि जम्मू और कश्मीर ने अपने कैंपेन के दौरान कई पूर्व रणजी ट्रॉफी चैंपियन को हराया, जिससे यह साबित हुआ कि घरेलू क्रिकेट में मिलकर की गई कोशिश अक्सर स्टार-ड्रिवन क्रिकेटिंग स्ट्रक्चर से बेहतर परफॉर्म कर सकती है। कोचिंग की सोच खिलाड़ियों में कैरेक्टर और मेंटल टफनेस बनाने पर ज़ोर देती थी। क्रिकेटरों को बार-बार याद दिलाया जाता था कि घरेलू क्रिकेट ही टैलेंट के लिए असली टेस्टिंग ग्राउंड है, और सिर्फ़ लगातार अच्छा प्रदर्शन ही पहचान दिलाएगा। युवा खिलाड़ियों को तुरंत शोहरत या अपने रिकॉर्ड के पीछे भागने के बजाय प्रोसेस पर ध्यान देने वाले क्रिकेट पर ध्यान देने के लिए बढ़ावा दिया गया।

## कॉल आया, फ़्लाइट ली और रणजी फ़ाइनल खेलाः कामरान

जम्मू और कश्मीर के बैट्समैन कामरान इकबाल ने फ़ाइनल में मैच जीतने वाली सेंचुरी बनाई, जिससे वह ऐतिहासिक परफ़ॉर्मेंस में बदल गए। उन्होंने मैच से ठीक 24 घंटे पहले चोट की चिंताओं को दूर किया और इंडिया के इंटरनेशनल खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल के साथ अपने शुरुआती क्रिकेट सफर से प्रेरणा ली। मैच से एक दिन पहले मामूली चोट लगने के बाद कामरान इकबाल का फ़ाइनल में खेलना पक्का नहीं था। हालांकि, ज़बरदस्त पक्का इरादा दिखाते हुए, वह इस बड़े मौके के लिए मेंटली तैयार रहे। उन्हें दोपहर करीब 3 बजे कॉल आया और वह तुरंत श्रीनगर से मैच की जगह पर गए, शाम की फ़्लाइट ली और रात करीब 8 बजे तक अपने टीम के साथियों के साथ अहम फ़ाइनल के लिए पहुँच गए। मैच के बाद ब्रॉडकास्ट में उन्होंने कहा, मैं चोट को लेकर थोड़ा परेशान था, लेकिन मैं मेंटली तैयार था क्योंकि मैं इतना ज़रूरी फ़ाइनल मिस नहीं करना चाहता था।

जैसे ही मुझे दोपहर 3 बजे के आस-पास कॉल आया, मैंने तुरंत श्रीनगर से ट्रैवल करने का फ़ैसला किया, शाम की फ़्लाइट ली और रात करीब 8 बजे तक पहुंच गया क्योंकि मैं इस हिस्टोरिक मैच में अपनी टीम के लिए अवेलेबल रहना चाहता था। कामरान ने दूसरी पारी में नाबाद 160 रन बनाए।

## जम्मू-कश्मीर का सफर अद्भुत रहा : मिथुन मन्हास

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने नए रणजी ट्रॉफी चैम्पियन जम्मू-कश्मीर को शनिवार को बधाई देते हुए कहा कि उसका सफर अद्भुत रहा है। मन्हास ने कहा, खैर, मुझे लगता है कि यह एक अमेज़िंग जर्नी रही है। जून 2021 में बहुत पहले शुरू हुई थी और मैं उस समय बीसीसीआई को खास तौर पर उस तरह के सपोर्ट के लिए थैंक यू कहना चाहूंगा, खासकर जय भाई को। और वह 67 साल के बाद पहले सेक्रेटरी थे जो जम्मू आए, हमारी कंडीशन देखी और फिर हम सभी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने कहा,मेरा हमेशा से मानना था, मैं प्रोसेस वाला इंसान हूं और मेरा हमेशा से मानना रहा है कि आपको अपने सीनियर्स के आस-पास रहने की जरूरत होती है। हमारे पास बहुत अच्छे प्लेयर्स थे और जो बहुत अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं। हमने पहले भी कई बार अपनी झलक दिखाई है। लेकिन मुझे लगता है कि पारस के आने से, मुझे लगता है कि हमें स्टेबिलिटी, एक्सपीरियंस, शांति मिली, और यही वह टीम में लाए। अजय के आने से, उन्हें पांच फाइनल खेलने का एक्सपीरियंस है और जिस तरह की बैटिंग वह अपने समय में करते थे और इससे हमारे लड़कों को सच में ग्रो करने में मदद मिली है।



# महिलाओं की 62 किग्रा स्पर्धा में सविता ने जीता कांस्य पदक

तिराना (अल्बानिया) (वार्ता)।

भारतीय पहलवान सविता ने मुहामेट मालो 2026 रेसलिंग टूर्नामेंट में महिलाओं की 62 किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को खेले गये मुकाबले में अंडर 17 और अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी 20 वर्षीय भारतीय पहलवान सविता ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज स्पर्धा में अपना पहला पोडियम अमेरिका की 2025 जाग्रेब ओपन चैंपियन अडाउगो न्वाचुक्कू पर 7-5 से करीबी जीत के साथ पक्का किया। इससे पहले ड्रॉ में, सविता ने क्वालिफिकेशन राउंड में ब्राजील की ओलंपियन लाइस नून्स को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में 59 किग्रा की यूरोपियन चैंपियन अनास्तासिया सिडेलनिकोवा से 12-2 से हार गईं।

सिडेलनिकोवा के फाइनल में पहुंचने के साथ, सविता को कांस्य पदक जीतने का मौका मिला और उन्होंने सीनियर यूडब्ल्यूडब्ल्यू टूर्नामेंट में अपना पहला पक्का किया। भारत दिन में दो और पदक से चूक गया, जब अपेक्षा विट्ठल पाटिल (65 किग्रा) और कीर्ति (68 किग्रा) अपने-अपने कांस् य पदक मुकाबलों में हार गईं। वहीं ग्रीको-रोमन में, निशांत फोगट और अमन 77 किग्रा भार वर्ग में पदक राउंड से पहले ही बाहर हो गए। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की पदकों की संख्या चार हो गई। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, रजत और दो कांस्य पदक जीते है।

# लखनऊ में राष्ट्रीय महिला खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



लखनऊ (वार्ता)।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। आज यहां मुख्य अतिथि राज्य की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग मंत्री बेबी रानी मौर्य उत्तर प्रदेश ने तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला खेलों इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता का धनुष से तीर चलाकर उद्घाटन किया। एनटीपी द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता में 266 महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। कुल 11 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष वनीश कुमार अवस्थी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुहास एल वाई (सचिव, खेल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश) तथा हरविंदर सिंह (अर्जुन पुरस्कार एवं पद्मश्री से सम्मानित, पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) मौजूद थे। हरविंदर सिंह ने अपने प्रेरणादायी अनुभव साझा करते हुए उत्तर प्रदेश की खेल नीति की सराहना की तथा राज्य में तीरंदाजी के उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। खेल सचिव सुहास एलवाई ने तीरंदाजी खेल में मानसिक एकाग्रता के महत्व, महंगे खेल उपकरणों की उपलब्धता तथा राज्य की खेल एवं खिलाड़ी नीति में पारदर्शिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी।



# कतर ने भारतीय बास्केटबॉल टीम को हराया

**लुसैल (कतर) (वार्ता)।** भारतीय बास्केटबॉल टीम को कतर के खिलाफ अपने तीसरे फीबा विश्वकप 2027 क्वालिफायर ग्रुप डी मुकाबले में 99-73 से हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को लुसैल मल्टीपर्पस हॉल में खेले गये मुकाबले में ब्रैंडन गुडविन ने मेजबान टीम के लिए सबसे अधिक 23 अंक बनाए, जबकि कंवर संधू 15 अंक के साथ दुनिया के 75वें नंबर की भारतीय टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। प्रिंसपाल सिंह ने भारत के लिए फ्री थ्रो से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले ब्रैंडन गुडविन और टायलर हैरिस ने कतर को मैच पर नियंत्रण करने में मदद की, जिससे मेजबान टीम पहले क्वार्टर के आखिर में 28-17 से आगे हो गई। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत कंवर संधू के थ्री-पॉइंटर से की, जिसने पूरे समय के लिए माहौल बनाया। उन्होंने दूसरे क्वार्टर में कतर को 26-17 से हराया, जिससे ब्रेक तक स्कोर 45-43 हो गया।

# भारत की नजरें इंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वाफा पर

**कोलकाता (वार्ता)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच ईडन गार्डन्स में होने वाला नॉकआउट मुकाबला काफी दबाव वाला होने वाला है, जिसमें जीतने वाली टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी। इस करो या मरो वाले मुकाबले में, दोनों टीमों को पता होगा कि सिर्फ स्किल से नतीजा तय नहीं होगा; टेम्परामेंट, गेम अवेयरनेस और दबाव में एग्जीक्यूशन भी उतना ही जरूरी रोल निभाएंगे। जैसा कि वर्ल्ड कप नॉकआउट क्रिकेट में अक्सर होता है, मैच का फैसला शायद इस बात से होगा कि कौन सी टीम मुश्किल पलों को बेहतर तरीके से संभालती है, न कि कौन सी टीम ज़्यादा एग्रेसिव क्रिकेट खेलती है। पिछले मैच में जिम्बाब्वे पर अपनी शानदार जीत के बाद भारत इस मुकाबले में पूरे कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगा। इस परफॉर्मेंस ने मोमेंटम वापस लाने और कैंप में भरोसा मजबूत करने में मदद की है। भारतीय बैटिंग लाइनअप अच्छी तरह से स्ट्रक्चर्ड दिखता है, जिसमें टॉप ऑर्डर में एग्रेसिव इरादे और बीच के ओवरों में अनुभवी स्टेबिलिटी है। युवा ओपनर अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट की सबसे खास कहानियों में से एक रहे हैं। पिछले मैच में 30 गेंदों पर उनकी तेज़ रफ़्तार 55 रन की पारी मॉडर्न टी20 बैटिंग का एक बेहतरीन उदाहरण थी - जिसमें पावरप्ले ओवरों में टाइमिंग और स्मार्ट शॉट सिलेक्शन के साथ अग्रेसन का मिक्स था।



मिडिल ऑर्डर की कमान शायद सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी, जिनकी स्ट्राइक रोटेट करने और ज़रूरत पड़ने पर तेज़ी से रन बनाने की काबिलियत उन्हें हाई-प्रेशर सिचुएशन में एक जरूरी खिलाड़ी बनाती है।

# शेयर बाजारों ने एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

**मुंबई (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशकमंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं। दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाये हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है।नियम 17(1) निदेशकमंडल की संरचना से संबंधित है। यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशकमंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है।

# चावल, चीनी, दालों में तेजी; गेहूं नरम; खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गये। गेहूं में नरमी देखी गयी जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं तीन रुपये फिसलकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल रहा। आटा 24 रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 67 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल 49 रुपये और मसूर दाल 23 रुपये महंगी हुई। तुअर दाल में 22 रुपये और चना दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 58 रुपये और पाम ऑयल 46 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 17 रुपये बढ़ गयी।



सोया तेल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 46 रुपये बढ़ गये। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852.75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# कोवैक्सीन निर्माता भारत बायोटेक लाएगी 500 मिलियन डॉलर के आईपीओ

## लिस्टिंग की तैयारी, लेकिन आधिकारिक घोषणा बाकी

**नई दिल्ली ।** कोवैक्सीन बनाने वाली हैदराबाद स्थित कंपनी भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड शेयर बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी करीब 500 मिलियन डॉलर के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पर विचार कर रही है। हालांकि इश्यू का आकार, संरचना और समय-सीमा अभी तय नहीं की गई है। कंपनी की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं हुआ है और बाजार की परिस्थितियों के आधार पर प्रस्ताव में बदलाव संभव है। यह संभावित लिस्टिंग ऐसे समय में सामने आई है जब भारतीय प्राथमिक बाजार रिकॉर्ड फंड जुटाने के बाद अब अधिक सतर्क रुख अपना रहा है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सावधानी के चलते बड़ी कंपनियों के लिए उचित मूल्य निर्धारण और सही समय का चयन महत्वपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके, हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर में दीर्घकालिक निवेशकों की रुचि बनी हुई है।

# पीएम मित्र टेक्टसटाइल्स पार्क योजना को मिल रही है रफ्तार

## विरुधुनगर में 23 निवशकों को भूखंड आवंटित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** तमिलनाडु में विरुधुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क (प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल उद्योग क्षेत्र) योजना के अंतर्गत 23 निवेशकों को कुल 190.44 एकड़ के बराबर औद्योगिक भूखंडों के आवंटन किये गये। कपड़ा मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि विरुधुनगर पीएम मित्र पार्क के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में निवेशकों के प्रस्तावों पर ये आवंटन किये। इससे लगभग 2,192.21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला है। इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन पर करीब 15,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।विज्ञप्ति के अनुसार विरुधुनगर मेगा कपड़ा पार्क योजना में निवेश के इन स्वीकृत प्रस्तावों में एकीकृत संयंत्र, धागा, कपड़ा , प्रसंस्करण व फिनिशिंग, गारमेंट उत्पादन तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बोर्ड की नवीं बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने की। इसमें मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पार्क में औद्योगिकी दूषित जल के शोधन की सुविधा स्थापित की जा रही है, जिससे पर्यावरण अनुकूल और सतत प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा।



# भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह मिलाजुला रुझान देखा गया

## सेंसेक्स और निफ्टी में साप्ताहिक आधार पर एक फीसदी से अधिक तेजी रही

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह मिश्रित रुझान दिखाया, जिसमें शुरुआती मजबूती के बाद मध्य और अंत में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि वैश्विक बाजार के कमजोर संकेतों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रही, निवेशकों का नजरिया तेजी से सतर्क हो गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष ने भी बाजार में अनिश्चितता पैदा कर दी है। इस तनाव की वजह से निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। ?जिससे सप्ताह के आ?खिर में शेयर बाजार में एक फीसदी से अ?धिक की ?गिरावट देखी गई। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को हरे निशान से हुई, जब वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंक एवं सेवा क्षेत्र में खरीदारी के चलते प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स ने 621.78 अंकों की बढ़त के साथ 83,436.49 पर, जबकि एनएसई निफ्टी 180.05 अंकों की तेजी के साथ 25,751.30 पर कारोबार शुरू किया। दिन के अंत तक सेंसेक्स 479.95 अंक और निफ्टी 141.75 अंक ऊपर बंद हुए। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने वैश्विक व्यापार की धाराओं को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिससे निवेशकों का मनोबल बढ़ा। मंगलवार को बाजार में अचानक गिरावट देखने को मिली। एआई से जुड़े संभावित व्यवधानों और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते सेंसेक्स 525.29 अंक गिरकर 82,769.37 पर और निफ्टी 145.85 अंक घटकर 25,567.15 पर खुला। दिन के अंत में सेंसेक्स 1,068.74 अंक और निफ्टी 288.35 अंक गिरकर सप्ताह के शुरुआती उत्साह को झटका लगा।




बुधवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में थोड़ी बढ़त देखी गई, लेकिन दिन के अंत में सूचकांक केवल मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। गुरुवार को आईटी शेयरों में खरीदारी और विदेशी फंड प्रवाह ने शुरुआती कारोबार में बाजार को बढ़त दिलाई। हालांकि, दिनभर उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 27.46 अंक गिरकर और निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर सपाट बंद हुए। शुक्रवार को वैश्विक बाजारों में कमजोरी और विदेशी फंडों की नई निकासी के चलते दोनों प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स 961.42 अंक गिरकर 81,287.19 पर और निफ्टी 317.90 अंक घटकर 25,178.65 पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह अत्यधिक अस्थिरता दिखाई। शुरुआती उत्साह के बाद मध्य सप्ताह में आईटी शेयरों और वैश्विक जोखिमों के कारण गिरावट देखी गई, जबकि सप्ताह के अंत में विदेशी फंड निकासी और वैश्विक दबाव ने बाजार को लाल निशान में बंद करवाया।

# प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने निरंतर हो रहे हैं कार्य : डॉ. मोहन यादव

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नई दिल्ली से वर्चुअली हुए शामिल





भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। भारत बेटियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है, एचपीवी टीकाकरण अभियान उसी संकल्प का हिस्सा है। मध्यप्रदेश में बेटियों और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राज्यव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत म.प्र. सरकार ने लगभग 8 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके लिए केंद्र से 7 लाख 58 हजार 500 से अधिक वैक्सीन डोज प्राप्त हो चुके हैं। यह टीका 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की पात्र बालिकाओं को लगाया जाएगा। उन्हें वैक्सीन की केवल एक डोज दी जाएगी। बाज़ार में लगभग 4 हजार रुपये कीमत वाला यह टीका चिन्हित शासकीय संस्थानों में नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, अभियान अगले तीन माह तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान आरंभ करने के लिए प्रदेशवासी उनके आभारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

### जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लीनिक संचालित होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है और इससे बचाव के लिए एचपीवी टीका अत्यंत प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से राज्य में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और कैंसर-मुक्त भविष्य के लिए उनका टीकाकरण अवश्य करवाने और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत मिशन मधुहारी की शुरुआत की जा रही है, जिसके अंतर्गत टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित बच्चों और युवाओं के लिए सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक क्लीनिक संचालित होंगे, जहाँ इंसुलिन जाँच और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा।

### आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प: शुक्ल

मध्यप्रदेश में डॉ. कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल भोपाल से अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिसकी प्रिवेलेंस दर लगभग 1 लाख में 156 है। एचपीवी वैक्सीनेशन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बीमारी होने के बाद इलाज करने से बेहतर है कि हम उसे होने ही न दें। यह अभियान प्रिवेंशन केयर की दिशा में एक बड़ा कदम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मुक्त मध्यप्रदेश और स्वस्थ, आत्मनिर्भर नई पीढ़ी का निर्माण सरकार का संकल्प है।

### प्रदेश के 16 जिलों में मिशन मधुहारी का किया शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मिशन मधुहारी का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए आदर्श जीवनशैली, संतुलित आहार और समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। यह पहल टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के समग्र उपचार एवं देखभाल के लिए प्रारंभ की गई है। टाइप-1 मधुमेह ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में इंसुलिन का निर्माण नहीं होता और आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है। मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में साप्ताहिक विशेष टाइप-1 डायबिटीज क्लिनिक प्रारंभ किए जा रहे हैं, जहां इंसुलिन की सतत उपलब्धता, ब्लड ग्लूकोज जांच, विशेषज्ञ परामर्श एवं नियमित फॉलो-अप की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। इस अवसर पर 5 बेटियों को टी1डी (टाइप-1 डायबिटीज) जांच किट का वितरण भी किया गया। इन किटों में ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि बच्चे समय पर शुगर की जांच कर सकें और बीमारी को नियंत्रित रख सकें। दो संभागों के 16 जिलों में 759 किशोर-किशोरियों को किट नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

### प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगे टीकाकरण सत्र

प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण सत्र प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। टीकाकरण स्वैच्छिक है तथा अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। पात्रता के अंतर्गत वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन 15वां नहीं मनाया है, साथ ही अभियान प्रारंभ होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। समस्त जिलों के लगभग 471 स्वास्थ्य केन्द्रों (चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि) पर टीकाकरण किया जायेगा। आगामी 90 दिवसों (मार्च, अप्रैल एवं मई 2025) तक चलाकर, पात्र किशोरियों को ॥ वैक्सीन का टीका नि:शुल्क लगाया जायेगा।



# नारी शक्ति के उदय से बदलेगा ग्रामीण भारत

दमोह (स्वतंत्र मत)।

बदलाव का नेतृत्व, स्थानीय सुशासन और उससे परे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना इस संकल्प के साथ मध्य प्रदेश के दमोह जिले में महिला सशक्तीकरण की एक नई इबारत लिखी गई। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत दमोह के तत्वावधान में बटियागढ़ स्थित जरारू धाम गौ अभ्यारण्य के किसान प्रशिक्षण केंद्र में एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में दमोह जिले की सात जनपदों की चुनिंदा महिला जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर ग्राम पंचायत स्तर की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक कौशल और नेतृत्व क्षमता का पाठ पढ़ाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदा सेवा खंड संस्थान, जरारू धाम के अध्यक्ष नरेंद्र बजाज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा भारत सरकार और मप्र सरकार की प्राथमिकता महिलाओं को केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर सशक्त बनाना है। आज का यह आयोजन इसी कड़ी का हिस्सा है ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से प्रभावी बन सकें। श्री बजाज ने जरारू धाम की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे एक बंजर भूमि आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की परिकल्पना से वनों और गौवंश से लहलहा रही है।

**जरारू धाम में महिला जनप्रतिनिधियों का नेतृत्व विकास प्रशिक्षण संपन्न**

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से गौ संरक्षण और संवर्धन के कार्यों का अवलोकन करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल ने शासन की योजनाओं की सराहना करते हुए कहाए आज का यह प्रशिक्षण मात्र शक्ति को समर्पित है। यहां से प्राप्त ऊर्जा और ज्ञान के साथ जब ये बहनें अपने क्षेत्रों में लौटेंगी तो समाज जीवन में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। मुख्यवक्ता के रूप में अश्विनी देशमुख प्रदान संस्था ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग होना अनिवार्य है ताकि वे पंचायत स्तर पर बेहतर सुशासन दे सकें।

# पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीव्ही वैक्सीन का शुभारंभ



पथरिया (स्वतंत्र मत)। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में एचपीव्ही वैक्सीन का शुभारंभ पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल के प्रतिनिधि के रूप पधारे लोकेन्द्र पटेल लकी द्वारा किया गया जिसमें लकी पटेल द्वारा रिबन काट एवं इसके उपरांत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा 4 बालिकाओं को वैक्सीन लगाया गया। साथ ही लकी पटेल द्वारा वैक्सीन के महत्व के बारे बताते हुए कहा की उक्त वैक्सीन 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह के उम्र की बालिकाओं को सर्वाईकल केंसर की संभावनाओं से सुरक्षित करेगा। कार्यक्रम में मनोज खरे विधायक निज सचिव के साथ साथ जनप्रतिनिधि के रूप में कुलदीप पटेल, राजू शर्मा, सरमन पटेल एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ आमजन की भी उपस्थिती रही। कार्यक्रम के अंत में ब्लाक मेडीकल ऑफीसर डॉ जतिन दुबे द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला संपन्न



दमोह (स्वतंत्र मत)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा गत दिवस स्थानीय संगठन मुख्यालय, भाजपा कार्यालय दमोह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी एवं प्रशिक्षण अभियान के संभागीय प्रभारी जाहार सिंह, सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक अरुण तिवारी, जिला महामंत्री तथा जिला कार्यक्रम टोली के सदस्य संजय सेन उपाध्यक्ष मनीष सोनी एवं श्रीमती रश्मि साहू मंचासीन रहे।

अपने उद्बोधन में संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी जाहर सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं कौशल का विकास होता है। उन्होंने पंच निष्ठाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री के विजन 2047 के अनुरूप विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी सदानंद गौतम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं के समर्पण और त्याग से ही पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अभियान बूथ से लेकर जिला स्तर तक संचालित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का नैतिक एवं बौद्धिक विकास होता है तथा पार्टी की विचारधारा और कार्यशैली की समझ मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में जिले के प्रत्येक मंडल में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। संचालन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रशिक्षण अभियान की जिला टोली के सदस्य मनीष सोनी जी ने किया। इस अवसर पर एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से पंच परिवर्तन भाजपा की पंचनिष्ठा एवं नवाचार विषयों पर कार्यक्रम के प्रभारी अरुण तिवारी द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। दोनों सत्रों में जिले के समस्त मंडल अध्यक्ष एवं प्रत्येक मंडल की तीन सदस्यीय टोली शामिल रही।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी एवं महेश पटेल, उपाध्यक्ष संजय सेन, संजय यादव, श्रीमती सुमन उपाध्याय, करण सिंह, अमित बजाज, राघवेंद्र परिहार एवं जिला मंत्री श्रीमती सुधा सेन, कपिल शुक्ला, रानू नामदेव भारत सिंह, भरत यादव तथा श्रीमती श्यामा उरैती उपस्थित रहे।

# 9 माह की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में 9 महीने की बच्ची के साथ रेप की घटना सामने आई है। शुक्रवार रात परिजनों ने बच्ची को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस बच्ची को तत्काल जिला अस्पताल ले गई। जिला अस्पताल में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में डॉक्टरों की ओर से बच्ची का इलाज किया गया । पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया ने बताया कि नोहटा थाना क्षेत्र में 9 महीने की बच्ची से रेप हुआ है। परिजनों की शिकायत पर बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिजनों के अनुसार काम कर रहे थे और बच्ची घर में अकेली थी।



इसी दौरान पड़ोस के एक युवक ने इस घटना को अंजाम दिया। परिजनों ने तत्काल थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। देर रात तक जिला अस्पताल में एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, सीएसपी एचआर पांडे और नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने शनिवार दोपहर पत्रकारवार्ता में बताया कि नोहटा थाना क्षेत्र में 9 महीने की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। परिवार के ही निकट सदस्य ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना काफी दुखद है पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को रात में ही अभिरक्षा में ले लिया था और आज उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। रात में जब घटना सामने आई तब बच्ची को पुलिस के द्वारा तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया रात भर पुलिस की टीम अस्पताल में मौजूद रही। जहां बच्ची का मेडिकल परीक्षण हुआ परिजनों के बयान लिए गए इसके बाद पुलिस ने आरोपी पर बीएनएस की धारा 64 और पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है।

बच्ची स्वस्थ है लेकिन उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है वहां से आने वाली जांच रिपोर्ट और पुलिस की जांच में जो तथ्य सामने आएगी उसके बाद हमारी जांच पूरी होगी।

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई

पथरिया (स्वतंत्र मत)। आजाद भारत पार्टी के तत्वाधान में प्रदेश भर में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। उसी कड़ी में आजाद भारत पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव, सगीर खान, डीपी बौद्ध, एसआर अहिरवार, लखन लाल पाली, प्रदेश अध्यक्षय पंडित सरला चौबे, सीएल अहिरवार एवं समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। इसी दौरान पार्टी अध्यक्ष राम रतन यादव ने कहा भारत माता के इस वीर सपूत को हम सभी का कोटि कोटि प्रणाम। जिसने देश के प्रति अपने प्राण बलिदान कर दिए।

# सेवानिवृत्त केआर पांडे को दी विदाई

दमोह (स्वतंत्र मत)।



39 वर्षों तक स्वास्थ्य विभाग में सतत सेवाएं देने वाले वरिष्ठ एनएमए तथा मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष केआर पांडेय का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. आरके अठ्या ने की तथा मुख्य अतिथि पत्रकार नरेंद्र दुबे रहे। मंचासीन अतिथियों ने तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने केआर पांडेय को शॉल, श्रीफल तथा उपहार भेंटकर उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। अभिनंदन पत्र का वाचन बीएम दुबे ने किया। इस अवसर पर राकेश सिंह हजारी, सत्यनारायण तिवारी, महेश प्रसाद मिश्रा, रामकरण पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, सनद कुमार दुबे, एचआर पांडेए बसंत पांडे, अरुण तिवारी, एसएन मिश्रा सहित परिजनों, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## चण्डी जी मंदिर में नवचंडी महायज्ञ आज

हटा (स्वतंत्र मत)।

हटा की सुप्रसिद्ध पीठ माँ चण्डी जी मन्दिर में जनसहयोग से नवचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ के मुख्य यजमान वनपरिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी बनाएं गए है। आज होने वाले यज्ञ के लिए विशाल कलश यात्रा देव बालाजी मंदिर से प्रात: 8 बजे आरम्भ होगी और नगर भ्रमण कर चण्डी जी मन्दिर पहुंचेगी। जहां ध्वज पूजन उपरांत पाठ परायण होंगे और हवन सायं 5 बजे से आरम्भ होकर देर रात्रि पूर्णाहुति सम्पन्न होगी। आयोजन समिति ने सभी से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है

# वोकल फॉर लोकल की भावना को अपनाना वक्त का तकाजा : मलैया

## लोकल को वोकल बनाने की दिशा में सार्थक कदम : कलेक्टर



दमोह (स्वतंत्र मत)। होली पर्व के मद्देनज़र महिला स्वसहायता समूहों द्वारा आयोजित आजीविका मेले को जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मेले में स्थानीय स्तर पर निर्मित हर्बल गुलाल, नमकीन, गुजिया, खोया, घी सहित विभिन्न उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ज्ञात हो कि इस बार होली के अवसर पर महिला बस्ती गृह के पास मॉडल आंगनवाड़ी के समीप प्राइम लोकेशन पर मेला लगाया गया है। मेले के शुभारंभ अवसर दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने मेले का अवलोकन करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को अपनाना समय की आवश्यकता है। हमारा स्थानीय सामान अगर हम नहीं खरीदेंगे तो कौन खरीदेगा, यह हमारे देश के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री की सोच है कि जो यहां बने, उसे खरीदें। उन्होंने मेले में उपलब्ध खाद्य सामग्री का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर के निर्माताओं से कम नहीं हैं।

इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने बताया कि मेले में उपलब्ध गुलाल पूरी तरह हर्बल तरीके से तैयार किया गया है। नमकीन, गुजिया, खोया और घी जैसे उत्पाद भी स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए बनाए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर ऑर्गेनिक और हाइजीनिक उत्पादों की खरीदारी करें। जब तक हम इन उत्पादों को अपने जीवन में शामिल नहीं करेंगे तब तक इन महिलाओं को स्थायी रोजगार नहीं मिलेगा। हमें इनके हाथों को और सशक्त बनाना है ताकि नारी सशक्तिकरण का सपना साकार हो सके।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से आयोजित यह मेला महिलाओं को स्थानीय दायरे से निकालकर जिले, प्रदेश और देश स्तर तक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सुझाव दिया कि स्वसहायता समूहों के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जोड़ा जाए जिससे उनकी मांग और उत्पादन दोनों में वृद्धि हो और अधिक से अधिक लोग उनसे जुड़ सकें। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि दीपावली पर तहसील ग्राउंड में आजीविका मेला आयोजित किया गया था जबकि इस बार होली के अवसर पर महिला बस्ती गृह के पास मॉडल आंगनवाड़ी के समीप प्राइम लोकेशन पर मेला लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यहां होली से संबंधित सभी सामग्री रंग, मिठाइयाँ और गुझिया उचित दामों पर एवं शुद्ध गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक शैलेंद्र श्रीवास्तव, डीएम अरविंद चंदेल, डीएम सतीश शर्मा, ब्लॉक प्रबंधक राजेंद्र उपाध्याय, सिद्धार्थ तांबे, विनीत कुमार कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक प्रबंधक जबेरा धर्मेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन एडीएम दिग्विजय सिंह पटेल के द्वारा किया गया। मेले में हर्बल गुलाल, ठंडाई, गुजिया, नमकीन, खोवा, घी, बताशे, मल्टी ग्रेन आटा, महुआ कुकीज बांस बर्तन, सत्तू, फलाहार नमकीन आदि मुख्य आकर्षण है।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र./11/25-26/

दिनांक 28/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा गजभिये पति कर्मदीप गजभिये श्री कर्मदीप गजभिये पिता सुखलाल ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक श्याम अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000428574 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 704 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री ओशोनीश वाघमारे पिता श्री राजललकार वाघमारे का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**







# महिलाओं का योगदान धरा से लेकर आकाश तक

**प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मप्र काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी), भोपाल के सहयोग से हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नेशनल साइंस डे का आयोजन किया गया । इस वर्ष की थीम वुमेन इन साइंस, कैटलाइजिंग विकसित भारत रही, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना था।**



**हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया नेशनल साइंस डे-2026**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नेशनल साइंस डे की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की समन्वयक व महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने अपने उद्बबोधन में कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के समग्र विकास का आधार है। महिलाएं आज विज्ञान और अनुसंधान के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। विकसित भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता अनिवार्य है। हमें छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को निरंतर प्रोत्साहित करना चाहिए ।

***प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेख***- इस अवसर पर प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, महाकौशल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्राचीन विज्ञान को वर्तमान विज्ञान से जोड़ते हुए वर्तमान विज्ञान की विभिन्न तकनीकों को समझाया और बताया की किस प्रकार हमारे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में इन तकनीकों को जड़ा गया है, जिन्हें हम आज समझ पाने में आसमर्थ हैं । विशिष्ट अतिथि के रूप में एड. अशोक गुप्ता, मुकुल खम्परिया, उप-सभापति, हितकारिणी सभा, दीपक सिंह राठोर, सदस्य, शासी निकाय, हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन व कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में संदीप गोलछा, अध्यक्ष, शासी निकाय, हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन उपस्थित रहे। प्रो. एसपी गौतम, प्रेसिडेंट, विज्ञान भारती, महाकौशल विज्ञान परिषद ने भारतीय संस्कृति के आधार पर विज्ञान और नारी शक्ति का उद्भव विषय पर प्रकाश डालते हुए श्रीरामचरितमानस में लिखित एक पंक्ति कृतजुग सब जोगी बिग्यानी। करि हरि ध्यान तरहिं भव प्रानी। कही और बताया सतयुग में सभी योग और विज्ञान का प्रवाह करते थे। उन्होंने कहा कि महाभारत में भी विज्ञान को परिभाषित किया गया है, जिसे समझना आवश्यक है, उन्होंने रजोगुण, तमोगुण और सतोगुण को विज्ञान से जोड़कर उसकी व्याख्या भी की। उन्होंने ह्यूमन क्रोमोसोम्स का उदाहरण देते हुए यह भी बताया कि किस प्रकार महिलाएं गुणों में पुरुषों से श्रेष्ठ हैं । मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं, प्रो. मीरा रामरखियानी, फॉर्मर डीन, फैकल्टी ऑफ़ साइंस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बताया गया कि कैसे महिलाओं का योगदान धरा से लेकर आकाश तक है।

## साइंटिफिक रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यक्रम में छात्राओं के लिए साइंटिफिक रंगोली, साइंटिफिक पोस्टर तथा साइंटिफिक मॉडल (चलित एवं स्थिर) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. अरुणा, शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय, डॉ. रेनू पाठक, डिपार्टमेंट ऑफ़ बायोलॉजिकल साइंस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा डॉ. मुकुल तिवारी, पूर्व-प्राचार्य, हितकारिणी महिला महाविद्यालय शामिल रहे। प्रतियोगिताओं में 8 महाविद्यालयों तथा 3 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता की गयी। विजेता रहे छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए । अंत में महाविद्यालय की उप-प्राचार्य, डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा समस्त अतिथि जनो का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु इशिता सेन द्वारा किया गया। समस्त स्टाफ एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे एवं विजय दहायत का योगदान रहा ।

## कार की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में भीकम चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी शिल्पी नगर ने सूचना देकर बताया कि वह अपने मौसेरे भाई करन अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पथरिया थाना बेलखेडा क साथ मोटरसाइकिल से ग्राम बुमरहा हिनौता मे मामा के यहां कार्यक्रम में जा रहे थे। कूडन नेशनल हाईवे रोड पर किसी अज्ञात कार के चालक ने तेज रफतार एंव लापरवाही पूर्वक चलाते हुये मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिर पडे तथा दोनों को चोटे आ गई। करन को चोटे अधिक थी जिसे तत्कल मेडिकल कालेज लेकर पहुंचा। जहां डाक्टर ने चैक कर करन अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## पमरे महाप्रबंधक का विदाई समारोह संपन्न



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय को सेवानिवृत्त होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। आपकों बता दें कि भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती बंदोपाध्याय ने 1 नवंबर 2023 को पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। अपने 38 वर्षों के दीर्घ कार्यकाल में उन्होंने मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, उत्तर रेलवे, पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख वित्त सलाहकार मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एसडी पाटीदार द्वारा उन्हें सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

## जिला स्तरीय गिल्ली डंडा प्रतियोगिता आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** देशी और पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं में खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से जिला पंचायत द्वारा आज रविवार एक मार्च को सुबह 10.30 बजे से जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के खेल परिसर में जिला स्तरीय गिल्ली डंडा प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिला स्तरीय गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं की विजेता टीमें शामिल होंगी। प्रत्येक जनपद पंचायत की टीम में दो रिजर्व खिलाडियों सहित सात खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों के अलावा प्रत्येक जनपद पंचायत की टीम के एक कोच और एक मैनेजर भी होंगे। जिला स्तरीय गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 21 हजार, 11 हजार और 51 सौ रुपये नगद पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जायेंगे। इसके अलावा 11 सौ रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों को प्रदान किये जायेंगे।

## जबलपुर से होकर गुजरेगी चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल ट्रेन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों होली पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में दक्षिण मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 07097/07098 चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 07097 चर्लपल्ली से दानापुर होली स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी को चर्लपल्ली स्टेशन से रात 20.30 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए अगले दिन जबलपुर दोपहर 14.30 बजे, सतना रात 20.00 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन सुबह 09.30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07098 दानापुर से चर्लपल्ली होली स्पेशल ट्रेन 2 मार्च 2026 को दानापुर स्टेशन से 11.30 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए सतना रात 22.50 बजे, पहुंचकर अगल दिन जबलपुर भोर 04 बजे और रात 23.45 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में काजीपेट जंक्शन, रामागुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्लारशाह जंक्शन, चांदफोर्ट, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

# ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में नगर निगम का घूसखोर कर्मचारी

## सैलरी रिलीज करवाने कर्मचारी से मांगी थी 3 हजार की रकम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



नगर निगम कार्यालय में शनिवार दोपहर ईओडब्ल्यू की टीम ने एक निगम कर्मचारी को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। टीम ने निगम कर्मचारी को पकड़कर कार में बैठाया और अपने साथ ले गए। निगम कर्मचारी छुट्‌टी के पीड़ित को कार्यालय बुलाकर रिश्वत ले रहा था। इस मामले में शिकायत करते हुए नगर निगम में पदस्थ कर्मचारी पी. रामाराव का एक माह का मेडिकल वेतन लगभग 25 हजार रुपए मिलना था, जिसके लिए स्थापना शाखा में पदस्थ राकेश शर्मा लगातार शिकायतकर्ता को आफिस के चक्कर कटवा रहे थे। दो दिन पहले पी. रामाराव जब निगम आफिस पहुंचे तो राकेश शर्मा ने कहा कि अभी फ्री नहीं है। इसके बाद दोनों की मुलाकात निगम से बाहर हुई तो तीन हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई, जो रामाराव देने को तैयार नहीं थे। इसके बाद राकेश शर्मा ने साफ शब्दों में कह दिया कि जब तक रुपए नहीं मिलेगें, तब तक काम नहीं होगा। इसके बाद रामाराव ने राकेश शर्मा के खिलाफ ईओडब्ल्यू में शिकायत की है। श

***पहले भी हो चुकी शिकायत*** - शनिवार को रामाराव ने नगर निगम के सामने बाबू राकेश शर्मा को रिश्वत के रूपए देने के लिए बुलाया था। जैसे ही उसने तीन हजार रुपए दिए, तभी ईओडब्ल्यू ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार शुक्रवार को फोन कर अकाउंटेंट ने साफ तौर पर कहा था कि बिना पैसे दिए मेडिकल स्वीकार नहीं किया जाएगा। रिश्वत देने से इनकार करते हुए टी. रामाराव ने इसकी शिकायत सीधे ईओडब्ल्यू से की। शिकायत की पुष्टि के बाद टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। शनिवार दोपहर नगर निगम मुख्यालय के सामने पेट्रोल पंप पर जैसे ही आरोपी अकाउंटेंट ने रिश्वत की राशि ली टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। शिकायतकर्ता टी. रामाराव ने यह भी बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने नगर निगम में पदस्थ मनीष तड़से के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायत की थी। बहरहाल ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा आरोपी से के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।






## सर्वांगीण और आत्मनिर्भर पेशेवर बनाना है मल्टी डिसिप्लिनरी शिक्षा का उद्देश्य: कुलगुरु प्रो. वर्मा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मल्टी-डिसिप्लिनरी (बहुविषयक) शिक्षा छात्रों को एक साथ कई विषय पढ़ने की लचीली सुविधा देती है, जिससे रचनात्मकता-आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल का विकास होता है। यह शिक्षा प्रणाली छात्रों को पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलकर जटिल वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने और बदलते रोजगार बाजार के अनुकूल बनने में सक्षम बनाती है। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है। मल्टी-डिसिप्लिनरी शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि युवा को एक सर्वांगीण और आत्मनिर्भर पेशेवर बनाना है। ये बात कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कही। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांफ्रेंस संयोजक प्रो. राकेष बाजपेयी ने बताया कि तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक ने विज्ञान के विभिन्न पहलुओं और तकनीकी अनुप्रयोगों पर अपने विचार रखे।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**